हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 7 जून 2025




# बदला पैटर्न: विकास कामों से पहले वेतन बांटने को प्राथमिकता, हर महीने बांट रहे ढाई करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम का नाम सामने आते ही सबसे पहले लंबित वेतन की समस्या सुनने को मिलते रही है। राजनांदगांव नगर निगम में भी पिछले कुछ सालों में कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने की सर्वाधिक शिकायत रही, लेकिन इस समस्या से निजात पाने के लिए अब निगम ने अपने काम करने के पैटर्न में बदलाव कर दिया है। अब निगम को मिलने वाले फंड से प्राथमिकता के तौर पर पहले कर्मचारियों को वेतन बांटा जा रहा है। उसके बाद फंड का उपयोग विकास कामों में किया जा रहा है। जिसका असर भी देखने को मिला है, जहां पहले तीन से चार महीने का वेतन लंबित रहा करता था, अब कर्मचारियों को हर महीने समय पर वेतन मिल रहा है।

राजनांदगांव नगर निगम जिस पैटर्न पर काम कर रहा है, उसी के तहत अब प्रदेश के सभी निगम को भी काम करने के निर्देश प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार के नगरीय निकाय संचालनालय ने सभी निगम को पत्र जारी कर संबंधित नगर निगम को मिलने वाले फंड के जरिये अपने कर्मचारियों को वेतन देने को प्राथमिकता देने को कहा है। करीब एक सप्ताह पहले जारी इस आदेश में वेतन भुगतान के बाद ही विकास कामों को तरजीह देने कहा गया है। हालांकि राजनांदगांव नगर निगम इस पैटर्न पर ही पहले से काम कर रहा है।

## नियमित के अलावा अनियमित कर्मचारियों को भी समय भुगतान करने पर दिया जा रहा जोर

### चार सौ रेग्युलर कर्मचारी

मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम में करीबन साढ़े चार सौ नियमित कर्मचारी तैनात हैं। इनके अलावा प्लेसमेंट के जरिये भी डेढ़ सौ से अधिक कर्मचारी अपनी सेवाएं निगम को दे रहे हैं। ऐसे में निगम हर महीने पहले अपने नियमित कर्मचारियों को करीबन ढाई करोड़ का भुगतान कर रहा है, इसके बाद फंड होने पर अनियमित यानि प्लसेमेंट कर्मचारियों को एजेंसी के माध्यम से भुगतान कराया जा रहा है।




### समस्या सुलझाने का प्रयास

निगम प्रशासन के सभी कर्मचारियों को समय पर वेतन देने की प्राथमिकता तय की गई है। लंबित भुगतान करने के बाद अब रेग्युलर वेतन देने का प्रयास किया जा रहा है।

**- अतुल विश्वकर्मा**, आयुक्त, ननिं

### आय बढ़ाने पर फोकस जरूरी

नगर निगम को समय पर वेतन देने में दिक्कतें, इसलिए भी हो रही है, क्योंकि पिछले कुछ सालों में आय बढ़ाने की दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं हो पाई है। ऐसे में अब निगम प्रशासन ने भी आय बढ़ाने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही अवैध होर्डिंग्स को हटाने, राजस्व वसूली करने जैसे कामों पर ध्यान दिया जा रहा है।

### वेतन देना प्राथमिकता



कर्मचारियों को समय पर वेतन देना हमारा कर्तव्य है, इसलिए प्राथमिकता के तौर पर कर्मचारियों को समय पर वेतन दिया जा रहा है, जिससे उनका बेहतर उपयोग विकास कार्य में हो पाए।

**- मधुसूदन यादव**, महापौर

---

## खबर संक्षेप

### युवक से 20 पौवा देशी प्लेन बरामद

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 20 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों में चल रहे संदिग्ध गतिविधियों, अवैध शराब, जुआ, सट्टा के संचालन पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत 4 जून को धान फड़ के सामने ग्राम घुघवा साल्हे में अवैध रूप से शराब बिक्री की सूचना पर रेड कार्रवाई किया गया। आरोपी प्रीतम साहू 20 साल के कब्जे से प्लास्टिक एक बोरी में 20 पौवा शोले मंदिरा कीमती 1600 रुपए व बिक्री रकम 240 रुपए बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई।

### चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** ढाबा के पास खड़े कंटेनर वाहन की चोरी के मामले में जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिससे चोरी की गई कंटेनर बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी जाहिद खान 55 साल निवासी केलाबाडी दुर्ग ने 21 मई को रिपोर्ट दर्ज कराया कि रिलायंस ट्रेवलर्स कंपनी में गैरेज इंचार्ज का कार्य करता है। कंपनी द्वारा बालाजी ट्रांसपोर्ट पुणे महाराष्ट्र से एक कंटेनर को जनवरी 2025 में खरीदे थे, जिसे ग्राम देवादा में पीएनआर ढाबा के पास रखे थे, जिसे बीच-बीच में आकर चेक करते थे।

21 मई को चेक करने पर कंटेनर नहीं मिला, तब आसपास के लोगों से पता किए तो कोई पता नहीं चला। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सोमनी में धारा-303(2) बीएनएस दर्ज कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। इस मामले में विवेचना दौरान अज्ञात आरोपी व माल मशरूका के संबंध में तकनीकी साक्ष्य के सहयोग से आरोपी जितलाल साहनी को बारामती पुणे महाराष्ट्र से हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो कंटेनर को चोरी कर ले जाना बताया और अपने परिचित के राजेन्द्र यादव के दुकान के सामने दुर्ग में रखना बताया, जिसे आरोपी के निशानदेही पर बरामद कर विधिवत कार्रवाई किया गया। आरोपी द्वारा धारा 303(2) बीएनएस का अपराध घटित करना पाए जाने से आरोपी जितलाल साहनी 31 साल साकिन सलेमपुर डुमरीया थाना चेहराकाला जिला

⏩ शेष पेज 13 पर

---

## पांच साल में जितने आवास बनाए उतने सालभर में बनाने का टारगेट

# पांच महीने में दस हजार पीएम आवास बने, 8416 को तीसरी किस्त भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में शामिल पीएम आवास योजना के तहत जिले में भी तेजी से काम शुरू हो गया है। हालत यह है कि पिछले पांच सालों में जितने आवास योजना के तहत जिले में बने थे, उतने महज एक साल के भीतर बनाने का टागरेट लेकर जिला पंचायत काम कर रहा है। प्रशासन को इसमें सफलता भी मिलती दिखाई दे रही है। पिछले महज पांच महीने में ही योजना अंतर्गत दस हजार आवास का निर्माण किया जा चुका है। ज्ञात हो कि प्रदेश में सरकार बदलने के बाद से ही योजना के संचालन में तेजी देखने को मिली है।

उल्लेखनीय है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को पक्के आवास उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना संचालित कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले प्रवासी, फुटकर व्यापारी, संविदा कर्मी सहित ईडब्ल्यूएस-एलआईजी लाभार्थियों के लिए आवासों की नई सौगात के रूप में किफायती किराया आवास घटक शामिल किया गया है। योजना के तहत ही ग्रामीण इलाकों में भी बड़ी संख्या में परिवारों को योजना के तहत शामिल किया जा रहा है। जिले के भीतर ही योजना के तहत अब तक 50 हजार से अधिक परिवारों को शामिल किया जा चुका है।



### प्राथमिकता के तौर पर काम



सभी पात्र हितग्रहियो को योजना का लाभ दिलाने के साथ ही तय समय पर आवास बनाने का काम प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है।

**- सुरुचि सिंह**, सीईओ जिपं

### पांच साल में 27442 बने

योजना के संचालन में रूचि नहीं दिखाए जाने के चलते पीएम आवास योजना के तहत जिले में 2019 से 2023 के बीच 27442 आवास स्वीकृत किए गए। इनमें से 28091 आवास बनकर तैयार हो चुके हैं। वहीं 391 प्रगतिरत है।

### सहायता राशि भी बढ़ाई गई

*राज्य सरकार के नए फैसलों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत प्रति आवास लागत राशि तीन लाख 21 हजार रुपए को बढ़ाकर तीन लाख 89 हजार रुपए दिए जाएंगे। सरकार ने इसमें अब तक दी जा रही 85 हजार रुपए राज्यांश में 63 प्रतिशत की वृद्धि की है। अब राज्य सरकार लाभार्थियों को एक लाख 39 हजार रुपए प्रति आवास राज्यांश देने का निर्णय लिया है। इससे कमजोर आय वर्ग के एक लाख हितग्राही लाभान्वित होंगे।*

### दिसंबर में 29 हजार आवास की स्वीकृति

*पीएम आवास योजना के तहत पिछले दिसंबर महीने में ही जिले के भीतर 29938 आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें राजनांदगांव ब्लॉक में 5816, छुरिया ब्लॉक में 11088, डोंगरगांव ब्लॉक में 4756 और डोंगरगढ़ ब्लॉक में 8278 आवास शामिल है। इनमें से अब तक महज पांच महीने में ही 10236 आवास बनकर तैयार हो चुके हैं। जबकि सालभर के भीतर सभी स्वीकृत आवास बनाने का टारगेट लेकर जिला पंचायत काम कर रहा है।*

---

# खून से लथपथ मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बागरेकसा से दमउदहरा जाने वाले मार्ग में एक युवक मृत अवस्था में मिला। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की शिनाख्ति का प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बोरतालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत बागरेकसा से दमउदहरा जाने वाले मार्ग पर खून से लथपथ एक युवक मृत अवस्था में मिला। राहगीरों ने जब उसे देखा, तब इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही थाना बोरतलाव की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एसडीओपी आशीष कुंजाम स्वयं घटनास्थल पर मौजूद रहे। शव को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। प्राथमिक जांच में युवक की पहचान नहीं हो सकी है। जिससे यह मामला और भी रहस्यमयी बन गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मृतक आसपास का नहीं लगता। आशंका जताई जा रही है कि यह सामान्य हादसा नहीं, बल्कि एक साजिश के तहत की गई हत्या हो सकती है। हालांकि पुलिस दुर्घटना की आशंका को भी नजर अंदाज नहीं कर रही है।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और गांव के लोगों से पूछताछ की जा रही है। एसडीओपी कुंजाम ने बताया कि आसपास के थानों को सूचना भेज दी गई है, ताकि युवक की पहचान की जा सके। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी ने उस युवक को कहीं देखा हो या उसकी पहचान से संबंधित कोई जानकारी हो तो तत्काल थाना बोरतलाव से संपर्क करें।

### फरार वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** लंबे समय से फरार चल रहे गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वहीं अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 25 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन पर थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में थाना स्तर पर पृथक-पृथक टीम गठित कर थाना बसंतपुर क्षेत्रांतर्गत के लंबित स्थायी, गिरफ्तारी वारंटियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभारी कार्रवाई हेतु टीम गठित कर गठित टीम द्वारा गिरफ्तारी वारंटी,

⏩ शेष पेज 13 पर

---

# म्यूल एकाउंट धारक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

म्यूल एकाउंट खाता धारकों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा एक और म्यूल एकाउंट धारक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा आज फिर एक म्यूल एकाउंट धारक के विरूद्ध कार्रवाई किया है। भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र के समन्वय पोर्टल में ऐसे म्यूल बैंक एकाउंट जिसका इस्तेमाल सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का व्ययन करने, उपयोग करने व संवर्धन करने के लिए उपयोग में लाया गया है, की जानकारी समन्वय पोर्टल में प्रदर्शित होता है। पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र में खोले गए म्यूल एकाउंट का जांच कर कार्रवाई की जाती है। ऐसे ही म्यूल खाता के धारकों के समन्वय पोर्टल से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक्सिस बैंक शाखा डोंगरगढ़ में खुले विभिन्न म्यूल बैंक खातों में 28 दिसंबर 2023 से 7 अक्टूबर 2024 तक सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि 200000 रुपए जमा होना पाया गया, जिस पर 18 मार्च को थाना डोंगरगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस के अनुसार 19 मार्च को तीन खाता धारक को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।




**एक और पर कार्रवाई :** पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान खाता धारक कृष्णा लिल्हारे 38 साल निवासी ग्राम पीपरखारकला थाना बोरतलाब का पता तलाश कर पूछताछ किया गया। आरोपी के खाता में 2000 रुपए का ऑनलाइन ठगी का पैसा ट्रांसफर होना पाया गया। आरोपी के कब्जे से बैंक से लिंक मोबाइल सिम, चेकबुक तथा एटीएम को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित होना पाए जाने से 6 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

---

# युक्तियुक्तकरण से नौकरी जाने का भय, सफाई कर्मियों ने नियमित करने के लिए किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युक्तियुक्तकरण के तहत प्रदेश सरकार द्वारा कम दर्ज संख्या वाले स्कूलों को मर्ज करने पर यहां हजारों अंशकालिक सफाई कर्मचारी बेरोजगार हो जाएंगे। सफाई कर्मचारी पहले ही कलेक्टर दर पर मानदेय देने की मांग कर रहे थे, उनकी मांग पूरी भी नहीं हुई और अब स्कूलों के बंद होने को लेकर कार्य से निकल जाने का भय बना हुआ है।

युक्तियुक्तकरण के तहत प्रदेशभर के कई स्कूलों को मर्ज करने का कार्य भी पूर्ण नहीं हुआ है और आंदोलन का दौर शुरू हो गया है। प्रदेशभर में लगभग 10463 स्कूलों को मर्ज करने की तैयारी है। शासकीय स्कूलों में अतिशेष शिक्षकों के काउंसलिंग बाद नवीन पदस्थापन और अब कम दर्ज संख्या वाले स्कूलों को बंद किए जाने के संशय के बीच प्रदेशभर के स्कूल सफाई कर्मचारियों को अपनी नौकरी जाने का भय सता रहा है। शासकीय स्कूलों में कार्यरत अंशकालिक सफाई कर्मचारियों ने शहर के कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार से स्कूलों को बंद नहीं करने और सफाई कर्मचारियों को अंशकालिक से पूर्णकालिक करने की मांग की है।



**नहीं मिला लिखित आश्वासन :** आंदोलन को लेकर स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सुखचैन साहू ने बताया कि वर्ष 2011 से स्कूलों में सफाई कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। प्रदेशभर में 43301 स्कूल सफाई कर्मचारी हैं और राजनांदगांव जिले में लगभग 12 सौ अधिक सफाई कर्मचारी हैं। सरकार द्वारा 10 हजार से अधिक स्कूलों को मर्ज करने पर सफाई कर्मचारियों के सामने रोजगार का संकट है। उन्होंने कहा कि अपने आंदोलन के माध्यम से इन स्कूलों को बंद नहीं करने की मांग की जा रही है। वहीं उन्होंने कहा कि अगर स्कूलों को बंद किया जाता है तो शिक्षकों की तरह सफाई कर्मचारियों को भी अन्य स्कूलों में मर्ज करें।

⏩ शेष पेज 13 पर

### शहर में निकली रैली

छत्तीसगढ़ स्कूल सफाई कर्मचारी संघ द्वारा कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर शहर में रैली निकाली गई और नारेबाजी करते प्रदेश सरकार से अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। रैली के दौरान बड़ी संख्या में शामिल हुए सफाई कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों की तख्ती लेकर चल रहे थे।

### भृत्य का काम भी कर ले रहे

सफाई कर्मचारियों ने अपने ज्ञापन में कहा है कि स्कूलों में केवल 2 घंटे काम करना निर्धारित है, परंतु अधिकांश स्कूलों में भृत्य नहीं होने के कारण पूरा दिन स्कूलों में काम करना पड़ता है। काम के एवज में केवल प्रतिमाह 3400 मानदेय भुगतान किया जाता है। महंगाई के दौर में इतने कम पैसों में अपने परिवार का भरण पोषण नहीं कर पाते हैं। उन्होंने पूर्णकालीन कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान करने की मांग की है। अपने प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री और शिक्षा सचिव के नाम ज्ञापन देते हुए सफाई कर्मचारियों ने मांग पूरी नहीं होने पर आगामी 16 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

---

## भाजपा नेताओं ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

# पूर्व पीएम की प्रतिमा का अपमान, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

क्षेत्र के ग्राम अवेली से गुरुवार देर रात एक बेहद शर्मनाक और निंदनीय घटना सामने आई है। असामाजिक तत्वों ने भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर जूतों की माला पहना दी थी। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अवेली में आयोजित रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता देर रात करीब 1.30 बजे तक चली। इसी दौरान या उसके बाद करीब 2 बजे अज्ञात असामाजिक तत्वों ने अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर जूते की माला पहनाकर उनका घोर अपमान किया। इस घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया।

⏩ शेष पेज 13 पर

### प्रदेश अध्यक्ष को दी घटना की जानकारी

पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने उक्त घटना की जानकारी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव को दिया तथा आगे की गतिविधि के लिए चर्चा किया। उन्होंने एसपी से बात कर तत्काल जांच एवं इस कृत्य को करने वाले को पकड़ने तथा उस पर कड़ी कारवाई करने की मांग किया।



### भाजपा नेताओं ने की कार्रवाई की मांग

उक्त घटना के बाद उपस्थित भाजपा के नेता, कार्यकर्ताओं ने श्रद्धेय भारत रत्न अटल बिहारी की प्रतिमा का गंगा जल से शुद्धीकरण किया। तत्पश्चात पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना किया। घटना की जानकारी होते ही पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष विशेसर दास साहू, मंडल अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य दिनेश वर्मा, जनपद सदस्य शैलेन्द्र मिश्रा, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारणी सदस्य विक्रांत चन्द्राकर, पूर्व सरपंच डोरेलाल, सरपंच खोमलाल साहू, अर्जुन महोबिया सहित अन्य कार्यकर्ता घटना की जांच एवं कार्रवाई की मांग को लेकर डटे रहे।

### कांग्रेस नेता ने दोषियों पर की कार्रवाई मांग की

इस घटना को लेकर कांग्रेस नेता और विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने विरोध जताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य शरारत नहीं, बल्कि अटल जी की राष्ट्रनिष्ठा और विचारधारा पर सीधा प्रहार है। वे इस निंदनीय घटना की कड़ी भर्त्सना करते हैं। अटलजी किसी एक पार्टी के नहीं, पूरे देश के प्रधानमंत्री थे। वे भारत रत्न थे और उनके साथ ऐसा व्यवहार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि प्रशासन को चाहिए कि वह तत्काल दोषियों की पहचान कर कड़ी से कड़ी सजा दे।

---

## माय एंगल







## खबर संक्षेप

### मनाया चावल उत्सव



**मानपुर।** स्थानीय शासकीय उचित मूल्य दुकान में गत दिनों चावल उत्सव मनाया गया। इस मौके पर बताया गया कि इस बार 3 महिने का राशन लेने के लिए मोबाईल लेकर आना होगा। बगैर ओटीपी के राशन का वितरण करना संभव नहीं है। इस मौके पर सरपंच शकुनतला घावड़े ,रेनू टंडिया, पंच ऋषभ ठाकुर आदि मौजूद थे।

### अवैध धंधों पर नियंत्रण नहीं

**डोंगरगढ़।** बोरतलाव क्षेत्र से जुआ सटटा, शराब और मवेशियों की तस्करी की शिकायत लगातार सामने आ रही है। आरोप लग रहा है कि पुलिस के संरक्षण में अवैध कारोबार पनप रहे हैं। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की शिकायत के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह ने पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। डॉ. सिंह ने एसपी मोहित गर्ग को थाना प्रभारी को लाईन अटैच करने कहा है। इस मामले को लेकर जिला पंचायत सदस्य अनिता मंडावी ने शिकायत किया था। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया था कि शराब और मवेशी तस्करी की जा रही है। क्षेत्र में सटटे का कारोबार भी चल रहा है। जंगल क्षेत्र में जुआरी लाखों का दांव लगाते है जिससे गांव का माहौल बिगड़ने लगा है। वहीं घर घर में कच्ची शराब बनाया जा रहा है।

### श्रमदान से की तालाब की सफाई



**डोंगरगढ़।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगर पालिका, जनप्रतिनिधियों और नगर वासियों ने श्रमदान कर महावीर तालाब में सफाई किया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। पालिका की महिला सफाई कमांडों एवं कर्मचारियों ने अभियान में हिस्सा लेते हुए तालाब के चारो ओर फैली गंदगी और कचरे को साफ किया। तालाब से 3 ट्रैक्टर कचरा निकाला गया। पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सीएमओ सीके शर्मा ने स्वच्छता की शपथ दिलाया। इस मौके पर डी एकेश राव, शिवांगी साखरे, राजेश रेखाराघोरते, शारदा यादव, बबिता साहू, देवेन्द्र साखरे, राजा सेन, भुपेन्द्र मरकाम, अनिश निर्मलकर, अमित जैन, हरीश मोटघरे, इंजीनियर भुवन लाल, राकेश भावते, नितिन बख्शी, राजेश कंडरा सहित अन्य उपस्थित थे।

### देशी सब्जी बीज का वितरण



**बांधाबाजार।** समग्र सृष्टि समाजसेवी संस्था दक्कोटोला ने ग्राम पड़की में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष सुनंदा मोहुर्ले शामिल हुई। शुरुवात में महिलाओं ने पारंपरिक समूह गीत प्रस्तुत किया। प्रस्ताविक उदबोधन जयदेव मोहुर्ले ने दिया। गांव के प्रमुख श्रीराम कोमरे ने पारम्परिक देसी सब्जी बीज का महत्व और उपयोग के बारे में बताया। महिला उत्पादक जयवंतीनबाई कवड़ों ने देसी सब्जी बीज के रखरखाव की जानकारी दी। संस्था द्वारा कार्यक्रम में देसी बैंगन एवं बरबटी के बीजों का प्रदर्शन किया। श्रीमती मोहुर्ले ने महिला उत्पादकों देसी सब्जी बीज वितरण किया। कार्यक्रम में पड़की, भरभुसी, संसारगढ़ और अरजकुंड की 53 महिलाओं ने भाग लिया। अंत में आभार प्रदर्शन अर्जुन कुमेटी ने किया।

### भू-जल स्तर में बढ़ोत्तरी करने का प्रमुख माध्यम

# खतरे में कुंओं का अस्तित्व संरक्षण से बढ़ेगा जल स्तर

## सालों से नहीं हो रहा कुंओं का जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया है। वही जल संकट को देखते हुए जल संरक्षण की पहल किया जा रहा है किन्तु गांव में स्थित कुएं जिनका अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है को बचाने की ओर किसी का ध्यान नहीं है।

उल्लेखनीय है कि कुछ दशक पहले तक पेय एवं निस्तारी जल की आपूर्ति का मुख्य स्त्रोत कुंआ हुआ करते थे। गांव में निजी, सरकारी एवं सार्वजनिक कुंआ पर्याप्त संख्या में थे जिनका अस्तित्व अब संकट में है। नल जल योजना शुरू होने के बाद से कुंओं की ओर से सबका ध्यान हट गया है और रखरखाव एवं सफाई नहीं होने के कारण बहुसंख्यक कुएं जर्जर अवस्था में पहुंच गए हैं। जिन कुंओ में कभी गर्मी के दिनों में पर्याप्त जल भरा रहता था, वह सुखे पड़े हैं। जल स्त्रोत बदलने के साथ गांव के जल स्तर में भी बड़ा बदलाव देखा जा रहा है। जिन गांवों में बोर का उपयोग अधिक हो रहा है वहां का जल स्तर निम्न स्तर पर पहुंच गया है।

### नहीं होती सफाई

ग्रामीण बताते हैं कि पहले कुंओं की सफाई होती थी जिससे साल भर पानी मिलनता था। ग्राम चकनार, बगदूर सहित कुछ गांव ऐसे हैं जहां सौ से अधिक कुएं है लेकिन उपयोग मुश्किल से दस फीसदी का हो रहा है। शेष कुंओं का अस्तित्व खत्म सा हो गया है। कुछ उपयोग नहीं होने तथा रखरखाव पर ध्यान नहीं देने से जर्जर स्थिति में है।



### नए कुएं बनाने की योजना

जनपद सीईओ रवि कुमार पटेल ने बताया कि मनरेगा के तहत नए कुएं निर्माण कराने की योजना है। ग्रामीण योजना का लाभ लेकर जल संरक्षण कर सकते हैं। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि कुआं जल संरक्षण का प्रमुख साधन है। एक मुहिम चलाकर तथा लोगों को प्रेरित कर पुराने सभी कुओं को अस्तित्व में लाने का प्रयास किया जाएगा।

### कहां कितने कुएं

जानकारी के अनुसार ग्राम चकनार में लगभग सौ कुएं है किन्तु उपयोग में केवल 20 फीसदी का हो रहा है। जीराटोला के लगभग 60 कुंओं में से 80 फीसदी का उपयोग हो रहा है। बगदूर के 40 में करीब 35 प्रतिशत कुंओं का उपयोग होता है। इसी प्रकार कुकुरमुड़ा में 9, सड़क अतरिया 9, संड़ी 7, मानपुर 10, खैरबना 26, गुमानपुर 12 कुएं है। कुछ कुओं को छोड़ कर शेष की हालत गंभीर स्थिति में है।

### पहले होती थी पूजा

प्राचीन परम्परा अनुसार जिन घरों में कुंआ है वहां पहले शाम को दीप जलाकर नमन किया जाता है। कुछ घरों में यह परंपरा आज भी जारी है। दीपावली सहित अन्य पर्व में कुंआ में दीप जलाया जाता है। लोग कुंओं में रहने वाले जलचर प्राणी कछुआ, मछली आदि के लिए दाना डाला जाता रहा है। गर्मी में जब कुंआ सूखने की स्थिति आती थी तो अन्य माध्यम से पानी डाल कर जीव रक्षा करने का प्रयास किया जाता था।

### हो सकता है बेहतर विकल्प

ग्रामीणों का कहना है कि कुंओ को अस्तित्व में लाकर जल संकट दूर करने के साथ जल स्तर में बढ़ोतरी किया जा सकता है। नल-जल योजना से एक पहर भी पानी नहीं आने से हाय तौबा मच जाती है। गर्मी में पर्याप्त जल पूर्ति नहीं हो पाती है। हैंड पम्प की भी स्थिति बेहतर नही है। ऐसे समय पर कुंआ वैकल्पिक प्रयोग का बेहतर साधन है। कुओं में सुरक्षा घेरा बनाकर वर्षा जल का संग्रहण किया जा सकता है जिससे भू जल स्तर बना रहेगा।

# गड़बड़ी पर कार्रवाई नहीं


## शहर का विकास हो रहा बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

स्थानीय नगर पालिका बीते 10 सालों में गड़बड़ी के लिए एक अलग पहचान बना चुकी है। कांग्रेस शासनकाल में हुई गड़बड़ी के खुलासे के बाद पालिका के लेखापाल, इंजीनियर एवं तत्कालीन सीएमओ को निलंबित किया जा चुका है।

कार्रवाई के दौरान कहा गया था संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अपराधिक मामला दर्ज कराया जाएगा किन्तु अब तक इसकी पहल नहीं किया गया है। कार्रवाई नहीं होने के बाद पुनः अनियमितता बरतना शुरू हो गया है। एक ओर आमजनों की सुविधा की अनदेखी किया जा रहा है वहीं कुछ विशेष लोगों को शासकी राशि खर्च कर सुविधा मुहैया कराया जा रहा है। विभिन्न खरीदियों की जांच की जाए तो राशि के दुरूपयोग का खुलासा होगा। हाल ही डस्टबिन, कुर्सी खरीदी, पानी टंकी खरीदी और सफाई के नाम पर गड़बड़ी का मामला सामने आया है। नगर पालिका अधिकारी सीके शर्मा ने शिकायत के बाद जांच कराने की बात कहा है।

## खंभे से टकराया ट्रैक्टर, लगी आग



**गंडई पंडरिया।** नगर के वार्ड दो भड़भड़ी पहुंच मार्ग पर बीते 10 दिनों से अधिक समय से नाली निर्माण किया जा रहा है। ठेकेदार ने नाली के लिए खुदाई कराने के बाद मलबा सड़क पर ही रख दिया है जिससे बड़ी छोटी गाड़ियों को आने जाने में तकलीफ हो रही है। जानकारी अनुसार 6 जून को दोपहर 12 बजे पंडरिया के संतोष नामदेव अपने ट्रेक्टर से पैरा ले जा रहा था। नाली के मलबे से ट्रेक्टर का पहिया फिसल गया और बिजली खंभे से टकरा गया। शॉर्ट शर्किट होने से ट्रेक्टर में रखा पैरा धु धु कर जलने लगा। आनन फानन में फायर बिग्रेड को सूचना दिया गया किन्तु अग्निशमन वाहन विलंब से पहुंचा। आसपास के लोगो ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बोर चालू कर आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर काबू पाने के कारण जान माल की हानि नही हुई।

## गांव में निकली नीर और नारी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी

ग्राम पंचायत परमालकसा में जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नीर और नारी जल यात्रा में पद्मश्री फूलबासन यादव, श्री देवांगन, श्री साहू, एडीओ दीप्ति साहू, बिहान कैडर्स सहित महिला समूह की महिलाएं आदि शामिल हुई। जल संरक्षण एवं संवर्धन पर चर्चा करने के अलावा पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच परमीला साहू, पंच तिलेश्वरी मारकंडे, मनीषा मारकंडे, लिलेश्वरी साहू, धर्मेश्वरी साहू, सुनीति साहू, संगीता यादव, प्रमिला मारकंडे, नीरा बघेल, दुष्यंत साहू शामिल हुए। स्वागत के बाद सरपंच ने भविष्य के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने तथा ग्राम विकास के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने जल संरक्षण एवं संवर्धन तथा प्रत्येक घर सोख्ता गड्ढा निर्माण पर जोर दिया। अंत में सरपंच, पंचों एवं ग्रामवासियों ने कलश यात्रा के माध्यम से जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जागरूक

## रोहित साहू बने ब्लाक सरपंच संघ के अध्यक्ष



**डोंगरगांव।** ब्लाक सरपंच संघ का चुनाव शुक्रवार को जनपद पंचायत के सभागार में संपन्न हुआ। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी के मार्गदर्शन में संपन्न चुनाव में भाजपा समर्थित सरपंचों ने जीत हासिल किया। बैठक में ब्लाक सरपंच संघ का अध्यक्ष रोहित साहू, उपाध्यक्ष बसंत निषाद, कुंती साहू, कोषाध्यक्ष भूषण देवांगन, सचिव गिरधारीराम साहू, सह सचिव शरद वैष्णव, संरक्षक सुरेन्द्र गोस्वामी, उषा साहू, मिडिया प्रभारी उमाकांत चन्द्राकर, सुनीता साहू, सदस्य ज्योति साहू, सोनम निषाद को चुना गया। इस मौके पर दिलीप ठाकुर, गोविंदा साहू, कमलेश साहू, मूलचंद पदाम, भीषमकुमार ठाकुर, भूपेन्द्रकुमार साहू आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे। चुनाव के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश गांधी और मंडल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता से मुलाकात किया। श्री गांधी ने सभी पदाधिकारियों को जीत की बधाई देते हुए मुंह मीठा कराया और सरपंच के हितों में काम करने के लिए प्रेरित किया।

## जल संरक्षण पर अध्यक्ष ने दिया जोर

### मोर गांव मोर पानी महाभियान प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव गत दिनों ग्राम पंचायत सड़क चिरचारी में मोर गांव मोर पानी महाअभियान प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना से हुई।

इस प्रशिक्षण शिविर में श्रीमती वैष्णव ने कहा कि जल ही जीवन है और हम सभी को वर्षा के जल को संरक्षित करना आवश्यक है। उन्होंने घरों में सोख्ता गढ्ढा बनाकर जल को संरक्षण करने कहा। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिला पंचायत सभापति अनीता मंडावी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पांच पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर पल्लीस्वामी नायडू, भानबाई मंडावी, राधिका, गुलचरण कतलाम, आनंद वेलकर, धर्मवीर चन्द्रवंशी, राजेश्वर ध्रुव, जीपी लारिया, मोहित पडोती, चन्द्रशेखर ध्रुव, फतेश देवांगन, हेमलता बाघमारिया, श्री गंजीर मौजूद थे।




### जागरूकता शिविर रविवार को

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत चकनार में रविवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में उपज बढ़ाने, मिट्टी, बीज, खाद, दवा आदि के संबंध में जानकारी दिया जायेगा। किसानों को उन्नत तकनीक एवं योजना के संबंध में बताया जाएगा।

## अध्यक्ष शुभम साखरे और सचिव बनी ललिता

**डोंगरगढ़।** वार्ड 2 में सामाजिक चुनाव संपन्न हुआ। शुभम खोबरागड़े अध्यक्ष और ललिता साखरे सचिव पद के लिए निर्वाचित हुए। पदाधिकारियों के चयन के लिए पांच जून को सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान हुआ।

अध्यक्ष पद के लिए पांच व सचिव पद के लिये दो उम्मीदवारों ने नामांकन भरा था। अध्यक्ष पद की प्रत्याशी अनिल लांडगे को 100, प्रज्ञा डोंगरे 124, शुभम खोबरागड़े 128, देवेंद्र वाल्दे 89, सुरेंद्र अंबादे को 62 वोट प्राप्त हुए। इसी प्रकार सचिव पद के लिये प्रशांत कांडे 180 एवं ललिता साखरे 316 मत प्राप्त हुए। अध्यक्ष पद पर शुभम 4 वोटो के अंतर से निर्वाचित हुए। सचिव के लिये ललिता साखरे ने 136 वोटो से जीत दर्ज किया। निर्वाचन अधिकारी डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

इस मौके पर राजेश कुंभलवार, गौतम बंसोड़, रत्नदीप चंद्रिकापुरे, अलका साखरे, माया सिगाड़े, विजेंद्र बोरकर, तरुण टेंबुरकर, अमित मेश्राम, मनोज चन्द्रिकापुरे, देवेंद्र साखरे, लेखराम मेश्राम मौजूद थे। परिणाम की घोषणा के बाद उनके समर्थकों ने गाजे बाजे विजय जुलुस निकाला।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित, ग्रामीणों को पौधारोपण के लिए किया प्रेरित

# जगह-जगह पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत हुरेली में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध व संतुलित बनाए रखने में पौधों की अहमियत अधिक है। उन्होंने ग्रामीणों को पौधरोपण करने प्रेरित करते हुए पौध वितरित किया। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष भोजेश शाह मंडवी ने बताया कि मोहला, मानपुर, अंबागढ़ चौकी का लगभग 50 प्रतिशत क्षेत्र वनों से आच्छादित है। इस अवसर पर अमरु राम वड्डे, धरमू भुआर्य के अलावा विभिन्न पंचायतों के सरपंच, उप वनमंडलाधिकारी, वन परिक्षेत्र अधिकारी आदि मौजूद थे।










### कार्यालयों में किया पौधारोपण

पर्यावरण दिवस के मौके पर सभी कार्यालय में पौधोरोपण किया गया। कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जिला कार्यालय परिसर में पौधरोपण कर नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया। इसी प्रकार जिला पंचायत में एक पेड माँ क़े नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, सीईओ भारती चंद्राकर, जिपं सदस्य शांतिबाई त्रिपुरे ने कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया।

**डोंगरगांव।** नीरज विद्या मंदिर मोहड़ में पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी, प्राचार्य अंजुम जहान, प्रशासक जी राम सिन्हा के मार्गदर्शन में शैक्षणिक स्टॉफ एवं कर्मचारियों द्ने फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया।

नगर पंचायत परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी श्रीकांत कोराम, सीएमओ विनम्र जेमा, तहसीलदार पीएलनाग, उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, पुलिस अधिकारी, पार्षद सहित अन्य ने पौधरोपण किया।

**घुमका।** नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आम का पौधा रोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। सीएमओ ज्ञानेश्वर प्रसाद देवदास ने बताया कि स्वच्छ भारत हरित भारत के अंतर्गत नगर में पौधा रोपण की शुरुवात की गई। पौधरोपण के लिए फलदार, छायादार पौधों की मांग वन विभाग से की गई है। पौधे उपलब्ध होते ही नगर में वृहद पौधरोपण किया जाएगा।

### पिनकापार संकुल में किया गया पौधारोपण



**जेवरतला रोड।** संकुल पिनकापार में पौधे लगाकर पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल प्राचार्य केके साहू, रोशनलाल साहू, एसके नुन्हारे, डीएस कौमार्य, इंदु भुआर्य, एसएल सोनकर, आरके यारदा और नीतेश लोन्हारे शामिल हुए। इसी प्रकार पर्यावरण दिवस के अवसर पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में शाला समिति के अध्यक्ष टुमन साहू शामिल हुए। उन्होंने लोगों से प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने कहा। प्राचार्य आरके देवांगन ने पर्यावरण प्रदूषण को कम करने का तरीका बताया। इको क्लब प्रभारी अजय पाठक एवं रीना बोरकर ने अधिक से अधिक पेपर बैग व थैला का उपयोग करने की बात कही। इस अवसर पर चंद्रप्रकाश सोनबोइर, सुरेन्द्र नेताम, रूपेश देवांगन, मोनिका निषाद, छवि, गोयल देहरी, कुसुम साहू, भावना सुधाकर, वेदिका साहू उपस्थित थे।

## सार समाचार

### 11 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कबीर जयंती के उपलक्ष्य में 11 जून को नगर निगम सीमाक्षेत्र स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना वसूल करें। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

### हाइवा में जा टकराया बाइक सवार, गंभीर

**राजनांदगांव।** टोलागांव के पास खडी एक हाइवा से बाइक सवार युवक जा टकराया। जिससे उसे गंभीर चोटे आई है। उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को देर शाम ग्राम टोलागांव के पास खड़ी एक हाइवा वाहन से बाइक सवार जा टकराया । बताया गया कि इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक को गंभीर चोटे आई है। पुलिस के अनुसार गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया है।

## पेज 11 का शेष

### चोरी, आरोपी...

वैशाली बिहार हाल बारामती पुणे महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश ज्युडिशियल रिमांड में लिया गया। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, सहायक उपनिरीक्षक आर. राजू, प्रधान आरक्षक डुलेश्वर साहू, आरक्षक तुषार मरकाम का सराहनीय योगदान रहा।

### फरार वारंटियों को...

जो लंबे समय से कोर्ट के समक्ष पेश नहीं हो रहे थे। जिनके विरूद्ध माननीय न्यायालय से गिरफ्तारी हेतु वारंट प्राप्त हुआ था। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने फरार गिरफ्तारी वारंटी कुलदीप बोरकर 40 साल शिवनगर, शंकर रजक उर्फ बंठा 21 साल बांसपाईपारा, मनोहर सोनकर 28 साल इंदिरानगर, रत्नेश सिंह ठाकुर 22 साल ब्राम्हणपारा, समंथ गोड पडौती उर्फ दद्दू 28 साल खाल्हेपारा के खिलाफ कार्रवाई की गई, जिन्हें गठित टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। सभी को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश गया।

**25 पौवा देशी शराब बरामद-** पुलिस के अनुसार मुखबीर से सूचना पर आरोपी अभिषेक मेश्राम कोढीखाना बस्ती अंदर अवैध रूप से धन अर्जित करने अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने से आरोपी के कब्जे से 25 पौवा देशी मदिरा शराब एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### युक्तियुक्तकरण से नौकरी...

उन्होंने बताया कि शिक्षा संचालक द्वारा मौखिक रूप से स्कूल बंद होने पर सफाई कर्मचारियों के लिए व्यवस्था बनाने की बात कही है। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव जिले में कितने स्कूल बंद होंगे, इसकी जानकारी भी नहीं दी जा रही है।

### पूर्व पीएम की प्रतिमा...

**पुलिस अधिकारी पहुंचे मौके पर, जांच शुरू-** ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी होते ही केसीजी पुलिस कप्तान लक्ष्य शर्मा, टीआई अनिल शर्मा, श्री चन्द्राकर मौके पर पहुंचकर उक्त कृत्य की तहकीकात कर रहे हैं। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से जूते की माला हटवाया। इसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

जनप्रतिनिधियों ने मिलकर हटाई जलकुंभी

# विश्व पर्यावरण दिवस पर आमनेर नदी में चला सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर नगर पालिका क्षेत्र के शनि मंदिर के पीछे बहने वाली आमनेर नदी में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के नेतृत्व में वनमण्डलाधिकारी पंकज सिंह राजपूत, जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, नगर पालिका अधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया।

सफाई अभियान का मुख्य उद्देश्य नदी में जम रही जलकुंभी और अन्य प्रदूषित सामग्री को हटाकर जल स्त्रोत को पुनः स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाना था। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने सभी से अपील की कि वे अपने आस-पास के जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं ताकि पर्यावरण संरक्षण का संदेश पूरे समाज तक पहुंच सके। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी ने जलकुंभी को नियंत्रण में रखने के लिए नियमित निगरानी एवं आवश्यक उपाय करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही, समाजसेवी संगठन ने भी आगामी दिनों में ऐसे सामाजिक कार्यों को और बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधियों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जनता के सहयोग का आग्रह किया और कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह स्वच्छता अभियान खैरागढ़ नगर पालिका एवं संबंधित विभागों के संयुक्त प्रयासों से आयोजित किया गया, जो जल प्रदूषण कम करने और स्थानीय जल स्त्रोतों को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### सिंगदई मुक्तिधाम रोड होगा सीमेंटीकरण

**राजनांदगांव।** सिंगदई वार्ड नं. 50 मुक्तिधाम रोड में सीमेंटीकरण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने बुधवार को भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा पर शहर में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विधायक एवं सांसद द्वारा वार्डों में विकास कार्य कराने विधायक व सांसद निधि के अलावा अन्य मद में अनुशंसा कर राशि दिलाए हैं। इसी कड़ी में सिंगदई मुक्तिधाम रोड निर्माण के लिए अधोसंरचना पर्यावरण निधि अंतर्गत 30 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई। जिससे रोड निर्माण हेतु भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम रोड खराब हो गया था, जिसे बनाने की मांग की गई थी। मांग अनुसार सीमेंट रोड बनाने प्रक्रिया की गई और उसके निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त रोड का निर्माण जल्द किया जाएगा, ताकि बारिश के पूर्व रोड मूर्त रूप ले सके। कार्यक्रम में सुनील साहू, मुकेश साहू, राकेश रावटे, अरूण देवांगन, अलक चंद्राकर, कुशल साहू, अशोक देवांगन, ज्योति साहू सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से की भेंट



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज आज राजनांदगांव के दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निवास पहुंचकर उनके पिता स्वर्गीय गुरुचरण सिंह छाबड़ा को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। वहीं स्थानीय सर्किट हाउस में उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेंट करते हुए युक्तियुक्तकरण को लेकर आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की।

राजनांदगांव दौरे पर पहुंचे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पत्रकारों से चर्चा करते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने युक्तियुक्तकरण के मामले को लेकर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 10463 स्कूल सरकार बंद कर रही है। सरकार नई भर्तियां नहीं करना चाहती है, स्कूल बंद होने से इसमें शिक्षक से लेकर रसोईया, महिला समूह और स्वीपर प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार शाला बंद कर मधुशाला खोल रही है।

### बिगड़ रही कानून व्यवस्था

उन्होंने प्रदेश में बढ़ते अपराध को लेकर कहा कि प्रदेश में लूट, डकैती, किडनैपिंग के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। अब तो नया ट्रेन चालू हो गया है। सड़क पर लड़की - लड़के के बीच फाइटिंग के वीडियो आ रहे हैं। प्रदेश में डब्ल्यूडब्ल्यूई हो रही है और मंत्री अपनी रील बनाने में मस्त हैं।

### हड़ताल का दौर शुरू होगा

स्कूल सफाई कर्मचारी के आंदोलन को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि नई भर्तियां पूरी तरह से बंद कर दी गई है। बीएड, डीएड करने वाले युवाओं के सामने नौकरी के दरवाजे बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अभी व्यायाम शिक्षक, बीएड, डीएड, सफाई कर्मचारी, रसोईया, महिला समूह, स्वीपर सभी धरने पर चले जाएंगे।

# मोहला की पूर्व सरपंच के खिलाफ शिकायत, जांच के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

ग्राम पंचायत मोहला में हुए विकास कार्यों को लेकर गंभीर अनियमितताओं की शिकायत अब प्रशासन के पास पहुंच चुकी है। ग्राम भावसा के निवासी प्रवीण मंडावी द्वारा की गई इस शिकायत को जिला पंचायत सीईओ ने संज्ञान में लेते हुए जनपद पंचायत मोहला के सीईओ को जांच के लिए पत्र प्रेषित किया है।

- कांग्रेस विधायक की रिश्तेदार है पूर्व सरपंच

पूर्व सरपंच श्रीमती सरस्वती ठाकुर पर वित्तीय और प्रशासनिक गड़बड़ियों के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि वे छत्तीसगढ़ विधानसभा के मोहला-मानपुर विधायक इंदशाह मंडावी की रिश्तेदार है। और शिकायतकर्ता का आरोप है कि उन्होंने अपने भाई के राजनीतिक प्रभाव का उपयोग कर वर्षों तक पंचायत में मनमानी की।

### शीघ्र शुरू होगी जांच

शिकायत मिलने के बाद जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत मोहला के सीईओ को लिखित रूप से जांच के निर्देश दिए हैं।अब जनपद स्तर पर प्राथमिक जांच प्रारंभ होने की उम्मीद है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, दस्तावेजों के सत्यापन और निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया जाएगा।

### सीसी रोड निर्माण में फर्जीवाड़ा

35 लाख की लागत से आठ स्थानों पर सीसी सड़कों का निर्माण होना था, लेकिन शिकायत के अनुसार ज्यादातर सड़कें अधूरी, घटिया गुणवत्ता की और तकनीकी मानकों से परे हैं। मस्टर रोल में मृत और गैरहाजिर मजदूरों के नाम पर फर्जी भुगतान दिखाया गया। 4.75 लाख की लाइट खरीदी गई, लेकिन पंचायत क्षेत्र में 40% भी लाइटें नहीं लगाई गईं। जो लगी हैं, उनमें से कई खराब पड़ी हैं।

### पंचायत भूमि का निजीकरण

लगभग 1.25 एकड़ पंचायत भूमि कथित रूप से बिना ग्रामसभा की अनुमति के निजी व्यक्तियों को सौंप दी गई, जो सीधा पंचायत कानूनों का उल्लंघन है। हाट-बाजार की नीलामी 1.2 लाख में दर्शाई गई, जबकि वास्तविक आय 3 लाख से अधिक मानी जा रही है।

# बोर्ड परीक्षा परिणामों की समीक्षा, कलेक्टर ने ली प्राचार्यों की बैठक

**खैरागढ़।** जिले में शासकीय विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों की समीक्षा के उद्देश्य से कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने समस्त शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक ली। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी एवं दोनों विकासखंडों के शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में कलेक्टर ने विकासखंडवार एक-एक शाला के परीक्षा परिणामों की जानकारी ली। जिन शालाओं का प्रदर्शन सराहनीय रहा, उनके प्राचार्यों को मंच पर आमंत्रित कर उनके अनुभव साझा करवाए गए। इन प्राचार्यों ने विद्यार्थियों के साथ संवाद, नियमित मूल्यांकन, अभिभावक संपर्क व नवाचार जैसे उपायों को सफलता का प्रमुख कारण बताया। वहीं, जिन शालाओं में परीक्षा परिणाम में गिरावट दर्ज की गई, उन प्राचार्यों से कारण पूछे गए एवं सुधारात्मक रणनीति पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि कमजोर प्रदर्शन करने वाले स्कूलों में त्वरित सुधार की आवश्यकता है, जिससे आगामी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम सुनिश्चित हो सकें।

### सभी को इस दिशा में प्रयास करने कहा

बैठक में कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विकासखंडों के प्राचार्यों के साथ बैठक लेकर वार्षिक शैक्षणिक कार्य योजना तैयार करें। इस हेतु एक सप्ताह की समय-सीमा तय की गई है। तैयार कार्य योजनाओं का प्रस्तुतीकरण आगामी बैठक में किया जाएगा, जो 21 जून को कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय संचालन की गुणवत्ता, समयबद्ध शिक्षण, शिक्षकों की सक्रियता और विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कर ही परिणामों में उल्लेखनीय सुधार लाया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों व प्राचार्यों को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए प्रेरित किया और कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की आधारशिला है। सभी को मिलकर इस दिशा में समर्पित प्रयास करने होंगे।

# मस्जिदों में होगी ईद-उल-अजहा की विशेष नमाज



**राजनांदगांव।** मुस्लिम समाज द्वारा कल 7 जून को ईद-उल-अजहा यानी खुशी और त्याग का पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर विशेष नमाज को लेकर सभी मस्जिदों में तैयारी पूरी कर ली गई है।

ईद-उल-अजहा के मुबारक मौके पर जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील ने मुस्लिम समाज से अपील की है कि वे कुर्बानी को शरीअत के दायरे में रहकर सादगी और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ अंजाम दें। उन्होंने समुदाय के नाम अपनी अपील में निम्न बिंदुओं पर विशेष जोर दिया। कुर्बानी केवल घरों या प्रशासन द्वारा तय स्थानों पर ही करें, सड़कों, गलियों या सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी न की जाए, सोशल मीडिया पर कुर्बानी की तस्वीरें या वीडियो पोस्ट करने से परहेज करें, सफाई का विशेष ध्यान रखें, कुर्बानी का हिस्सा जरूरतमंदों तक आदब और सलीके से पहुंचाएं, कानून व प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पालन करें, हर हाल में समाज के अन्य धर्मों की भावनाओं का सम्मान करें।

जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील ने बताया कि उर्दू महीने जिल-हिज्जा के चांद की शरई तस्दीक के बाद और बारिश के मौसम को देखते ईद-उल-अजहा का पर्व 7 जून को मनाया जाएगा। वहीं सभी मस्जिदों में ईदुल-अज़्हा की नमाज अदा की जाएगी।

### मस्जिदों में नमाज का वक्त

शाहे मदीना मस्जिद शांतिनगर में सुबह 7.30 बजे, नूरी मस्जिद कन्हारपुरी में सुबह 8 बजे, नूरी मस्जिद गौरीनगर में सुबह 8.15 बजे, मोती मस्जिद तुलसीपुर में 8.30 बजे, हनफ़ी मस्जिद गोलबाजार में सुबह 8.45 बजे, जामा मस्जिद पठानपारा में सुबह 9 बजे, अल अजीज मस्जिद इंदामरा में सुबह 9.30 ईदुल अजहा की विशेष नमाज अदा की जाएगी।

### कुर्बानी का हुक्म

रईस अहमद शकील ने कहा कि ईद-उल-अजहा हमें खुदा की राह में कुर्बानी का पैगाम देती है। मैदाने-अराफात में हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने आज ही के दिन अपने बेटे हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम को खुदा की राह में कुर्बान करने की तैयारी की थी, वह उनका इम्तिहान था, इसीलिए ईदुल अजहा पर कुर्बानी करने का हुक्म है।

# युक्तियुक्तकरण के नाम पर किया जा रहा रिक्त पद खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युक्तियुक्तकरण से शिक्षकों के रिक्त पद समाप्त करने और प्रदेश में 10463 स्कूलों को बंद करने का आरोप लगाते शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते रायपुर नगर निगम के पूर्व महापौर एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमोद दुबे ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर शिक्षा विरोधी नीति अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि युक्तियुक्तकरण के नाम पर प्रदेश में 45 हजार से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त किया जा रहा है और 10 हजार से अधिक स्कूलों को बंद किया जा रहा है।

पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा कि युक्तियुक्तकरण रोजगार और शिक्षा विरोधी कदम है। नए सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती कर शिक्षकों के हजारों पद खत्म कर दिया गया है। रमन सरकार के कार्यकाल के दौरान प्रदेश में 3300 से अधिक स्कूलों को बंद किया गया था और 12000 शिक्षकों के पद को खत्म किया गया था। वर्तमान में प्राइमरी स्कूलों में 21 छात्रों के बीच एक शिक्षक है। इस अनुपात को बढ़ाकर 30 छात्र प्रति शिक्षक और इसी तरह मिडिल में 26 छात्र पर एक शिक्षक का रेशियो बढ़कर 35 छात्र पर एक शिक्षक कर दिया गया है। जिससे शिक्षकों के एक तिहाई पद खत्म हो जाएंगे। नए शिक्षकों की भर्तियां नहीं करनी पड़े, इसलिए प्रदेश सरकार युक्तियुक्तकरण कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की साय सरकार शिक्षा व्यवस्था चौपट कर रही है। उनके इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान बस्तर और सरगुजा के आदिवासी क्षेत्र में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ेगा।

प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, विभा साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, कमलजीत सिंह पिंटू, पंकज बांधव, सूर्यकांत जैन, अमित चंद्रवंशी सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि युक्तियुक्तकरण और स्कूलों को मर्ज किए जाने के मामले में कांग्रेस कमेटी द्वारा चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

### स्कूल बंद होने से संकट

प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा कि शिक्षकों की नई भर्तियां नहीं करनी पड़े, इसलिए प्रदेश सरकार शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण कर रही है। उन्होंने कहा कि स्कूलों को बंद किए जाने से न केवल शिक्षक, बल्कि उन स्कूलों में संलग्न हजारों रसोइयों, सफाई कर्मचारी और मध्यान भोजन बनाने वाली महिला समूह के जीवनयापन पर संकट उत्पन्न होगा।

### गिर रहा है शिक्षा का स्तर

प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कहा गया कि प्रदेश सरकार द्वारा 57000 शिक्षकों की रिक्त पदों पर भर्ती करने की बात कही गई थी। वहीं पूर्व शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भी 33000 शिक्षकों की भर्ती तुरंत करने आदेश निकाला था, लेकिन शिक्षकों की भर्ती नहीं हुई। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा का स्तर तेजी से गिर रहा है। प्रदेश 17वें पायदान पर पहुंच गया है।

# चखना दुकान में मारपीट, बाहरी व्यक्तियों पर कार्रवाई की मांग



**छुईखदान।** नगर पंचायत सीमा क्षेत्र अंतर्गत संचालित देशी अंग्रेजी शराब दुकान परिसर में चखना दुकान को दूसरे राज्यों से आए व्यक्तियों द्वारा चलाया जा रहा है। यह लोग चखना दुकान मे अवैध रूप से शराब की बिक्री भी कर रहे हें। चखना दुकान चलाने वाले बाहरी दूसरे राज्य के लोगों ने अपना पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराया है। ज्ञात हो कि चार दिनों पहले नगर के एक युवा की चखना दुकान के गुर्गे के द्वारा पिटाई करने से मौत हो गई थी। घटना के बाद से क्षेत्र में भय का वातावरण बन गया है। घटना को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिराज किशोर दास के नेतृत्व में एसडीएम अविनाश ठाकुर एवं थाना प्रभारी जितेंद्र बंजारे को ज्ञापन सौंपकर बाहरी लोगों पर कार्रवाई करने एवं अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की गई है। उचित कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दिया गया है। ज्ञापन सौंपने के लिए लोग जयस्तंभ चौक पर एकत्र हुए और पैदल मार्च करते हुए एसडीम ऑफिस पहुंचकर ज्ञापन दिया। इसके बाद थाना पहुंचकर थाना प्रभारी जितेंद्र बंजारे को ज्ञापन सौंपा गया।

### नगरवासियों ने दिखाई एकजुटता

ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिराज किशोर दास, जिला इंका के कोषाध्यक्ष संजय महोबिया, अधिवक्ता मनोज चौबे, सज्जाक खान, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रकाश महोबिया, शैलेन्द्र तिवारी, पार्षद मनीष कोचर, संजू नेताम, प्रेमसिंह पाल, निशांत वैष्णव, मनोज चौबे, अनिमेष महोबिया, अनुराग सोनी, अख्तर सोलंकी, पवन चंद्राकर, निलेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

# पेड़ों को बचाने महामृत्युंजय मंत्र का जाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नालंदा परिसर बनाने के लिए शहर के गौरवपथ स्थित ऊर्जा पार्क के बगल में शीशम के कुछ पेड़ों को काटा जा रहा है। इन पेड़ों में रक्षासूत्र बांधकर वृक्ष काटने का विरोध करते पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री के साथ वार्ड के लोगों ने शासन-प्रशासन के लिए सद्बुद्धि यज्ञ किया। इस दौरान उन्होंने पेड़ों की सुरक्षा के लिए महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नालंदा परिसर के लिए स्वीकृत स्थल पर शीशम के कुछ वृक्षों को काटे जाने का पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री सहित वार्ड के लोगों द्वारा विरोध किया गया। वार्ड के युवा आज नालंदा परिषद निर्माण स्थल पर पहुंचे और यहां उन्होंने पेड़ों को बचाने के लिए महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया और पेड़ों को नहीं काटने शासन-प्रशासन को सद्बुद्धि देने यज्ञ में आहुति डाली।

### बर्ड पार्क के लिए हुआ था खर्च

कांग्रेस शासनकाल के दौरान नगर निगम द्वारा इस परिसर के समीप बर्ड पार्क बनाने के लिए लाखों रुपए खर्च किए गए, यहां पर वृक्षारोपण भी किया गया। अब इस क्षेत्र में नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है। जिसके लिए पेड़ों की कटाई का युवाओं ने विरोध किया है।

### लगाए जाएंगे अधिक पेड़

नालंदा परिसर निर्माण और पेड़ कटाई के मामले को लेकर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि नालंदा परिषद में लाइब्रेरी के साथ छात्रों का रीडिंग जोन होगा। यहां प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी होगी। पहले इसका प्रस्ताव विज्ञान महाविद्यालय परिसर में था, लेकिन वाहन पार्किंग की जगह डिस्टर्ब हो रही, इसलिए ऐसी जगह का चयन किया गया है, जो सभी कॉलेज के बीच हो और अधिकतम विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके। प्रभावित पेड़ों की संख्या से अधिक पेड़ लगाने का कार्य भी किया जाएगा।

### नालंदा परिसर उपयुक्त जगह पर बने

पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि नालंदा परिसर किसी शैक्षणिक संस्था के आसपास बने या उपयुक्त जगह पर बने, यहां पर शीशम का जंगल है, जिसे काटा जा रहा है। एक तरफ शासन-प्रशासन द्वारा मां के नाम पेड़ लगाने प्रेरित किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर हरे-भरे वृक्षों को काटा जा रहा है। जबकि नालंदा परिसर का निर्माण कहीं और किया जा सकता है।



### जंगलेसर में 8 को भव्य मानस गोष्ठी

**राजनांदगांव।** तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई राजनांदगांव के तत्वावधान में एक दिवसीय श्रीराम चरित मानस गोष्ठी का आयोजन ग्राम जंगलेसर में 8 जून को रखा गया है। जिसमें अंचल से मानस के विभिन्न व्याख्याकार, संगीतकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

**कार्यालय जनपद पंचायत छुईखदान, जिला खैरागढ - छुईखदान - गण्डई (छ.ग.)**

क्रमांक /1177/म.पा./ज.पं./2025-26 **विज्ञप्ति** छुईखदान, दिनांक - 05.06.2025

**निम्न सिंचाई जलाशयों को मछली पालन हेतु दस वर्षीय पट्टे पर देने की सूचनाः-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत छुईखदान के अधिनस्थ निम्नांकित सिंचाई जलाशयों को दस वर्षीय पट्टे पर मछली पालन हेतु शासकीय नियमों एवं शर्तों के तहत दिया जाना हैः-

| क्रमांक | सिंचाई जलाशय का नाम | औषत जलक्षेत्र हेक्टे. में | प्रारंम्भिक पट्टा राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | मुण्डाटोला जलाशल | 19.99 | 30780 |
| 2 | खुडमुडी जलाशय | 19.01 | 29220 |
| 3 | बुढानभाठ जलाशय | 12.17 | 18750 |

पट्टा राशि में प्रत्येक दूसरे वर्ष के पश्चात दस प्रतिशत की वृद्धि होगी पट्टा राशि के साथ निर्धारित पंजीयन एवं मुद्रांक शुल्क पट्टाधारक द्वारा भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 के प्रावधान अनुसार देय होगा । आबंटन संबंधी जानकारी कार्यालय जनपद पंचायत छुईखदान / मत्स्य निरिक्षक छुईखदान से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है। **आबंटन हेतु प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार होगाः-** 01. पंजीकृत मछुवारा सहकारी समिति 02 मछुआ समूह 03 मछुआ व्यक्ति 04 ऐसे क्षेत्र जहाँ वर्ष 1965 या उसके पश्चात मकान भूमि आदि डूब में आने के कारण कोई परिवार विस्थापित हो गए हों, ऐसे व्यक्तियों/परिवार या उनके समूह/समिति से संबंधित जलक्षेत्र पट्टे पर दिए जाने हेतु प्राथमिकता दी जाएगी। 05. उपर्युक्त चारों वर्ग यदि किसी ग्राम/क्षेत्र में न हों तो स्व सहायता समूह। **टीपः-** उसी क्षेत्र की पंजीकृत स्थानीय मछुआ सहकारी समिति से तात्पर्य तालाब/जलाशय से आठ किलोमिटर की परिधी मे पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति से है। यदि उस क्षेत्र की मछुआ सहकारी समिति/समूह से कोई आवेदन प्राप्त नहीं होता है, तो समीप के क्षेत्र की मछुआ सहकारी समिति/समूह को जलाशय का पट्टा आबंटित किया जावेगा। आवेदन कार्यालय जनपद पंचायत छुईखदान में दिनांक 20.06.2025 तक जनपद पंचायत छुईखदान में आवेदन प्रस्तुत कर सकेगे।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत छुईखदान**

हरिभूमि

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र 'हरिभूमि' प्राप्त करने, समाचार व विज्ञापन हेतु निम्न स्थानों पर संपर्क करें...

मोहला : दुर्गेश शर्मा - 9424112397
मानपुर : जिबराईल खान - 7879140339
चिचोला : योगेश कुमार - 7999195305
मचानपार : नरेन्द्र कुमार - 7000878115


प्रस्तुत है
एक विश्वसनीय
प्लॉटिंग टॉउनशिप
रेवाडीह,एन.एच. 53 नागपुर रोड
राजनांदगांव से लगा हुआ प्लॉट
Hurry Up
KRISSHNAY
Dream home together...
DEMO HOUSE
Available
BOOK now
फायनेंस सुविधा
800 SQFT
से प्लॉट साईज चालू
अपनों का आशियाना यहीं बनेगा...
तत्काल फायनेंस सुविधा
सुविधाएं (Facilities)
रेरा एप्रूव्ड आवासीय प्लॉट
नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत
गुणवत्तापूर्ण कार्य एवं योजना
25, 30, 40 फीट की चौड़ी सीसी रोड
5 गार्डन
भूमिगत जल आपूर्ति
जमीन के नीचे बिजली की आपूर्ति
जल निकासी व्यवस्था
सभी सामान्य व आवश्यक सुविधा
CCTV कैमरा और 24/7 सुरक्षा गार्ड
पूरा परिसर बाउंड्री से घिरा हुआ
स्ट्रीट लाईट / मंदिर
Rera Number -
PCGRERA280425001914
PCGRERA280425001915
PCGRERA280425001916
PCGRERA280425001917
PCGRERA280425001918
कृष्णाय से दूरी...
मेडिकल कॉलेज - 1.5 Km
होटल राज इंपीरियल - 500 M
पाताल भैरवी मंदिर - 1.9 Km
केन्द्रीय विद्यालय - 2.4 Km
जय स्तंभ चौक - 4.5 Km
GOVT. ITI कॉलेज - 2 Km
रेल्वे स्टेशन - 6.5 Km
नया बस स्टैण्ड - 4.2 Km
कलेक्ट्रेट परिसर - 2.5 Km
पेट्रोल पम्प - 200 M
Location Map
मेडिकल कॉलेज
नीरज पब्लिक स्कूल
पेण्ड्री
कलेक्ट्रेट परिसर
नागपुर की ओर
रायपुर की ओर
डी.पी.एस
ट्रांसपोर्ट नगर
होटल राज इंपीरियल
शा. आई.टी.आई. कॉलेज
केन्द्रीय विद्यालय
KRISSHNAY
Dream home together...
रेवाडीह
होटल अमोरा
पाताल भैरवी मंदिर
APPROVED
RERA
APPROVED
KRISSHNAY
Dream home together...
रेवाडीह,एन.एच. 53 नागपुर रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
Bittu Khare - 7440446680 | Monish Sahu 7987098228
A PROJECT BY - BRIJESH SHARMA - ANJANII INFRA
#GJ Advertisers 9179009179

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेला 9 जून को

**कवर्धा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 9 जून 2025, सोमवार को प्रातः 9.30 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर जिले के समस्त शासकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को आमंत्रित किया गया है। उन्हें अपने समस्त शैक्षणिक और आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ मेले में सम्मिलित होकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया गया है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेला का उद्देश्य युवाओं को उद्योगों के साथ जोड़कर उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करना है।

### अग्निवीर भर्ती के लिए निःशुल्क कोचिंग

**कवर्धा।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए अभ्यर्थी को ऑनलाईन लिखित परीक्षा (सीईई) एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा देना होगा। ऑनलाईन लिखित परीक्षा (सीईई) 30 जून से 10 जुलाई 2025 तक आयोजित है। इसके लिए कबीरधाम जिले के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने ऑनलाईन आवेदन किया है, उन्हें लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग दिया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय, कबीरधाम में 12 जून 2025 तक अपना नाम दर्ज करा सकते है या गूगल लिंक से अपनी जानकारी भेज सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय, कबीरधाम या दूरभाष से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### भीषण गर्मी और उमस के बीच हल्की बूंदाबांदी

**कवर्धा।** जिला मुख्यालय कवर्धा सहित अंचल में इन दिनो पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बीच शुक्रवार को कवर्धा में बदले मौसम के बीच हल्की बूंदा बांदी देखने को मिली। हालांकि मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को न तो गर्मी से कोई राहत मिली और न ही उमस से बल्कि दोपहर के समय हुई बूंदा बांदी के बाद खिली चटख धूप में उमस और ज्यादा बढ़ गई। ऐसे में अब लोगों को अंचल में मानसून के सक्रिय होने का बड़ी बेसब्री से इंतजार है।

# प्रदेश के 10463 स्कूल बंद करना स्कूल शिक्षा व रोजगार विरोधी कदमः हेमा देशमुख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी, शिक्षा विरोधी कदम है। इससे प्रदेश में 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिए गए है, नए सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती करके शिक्षक के हजारों पद खत्म कर दिया गया है।

उक्त बातें शुक्रवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश में जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम द्वारा आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व महापौर राजनांदगांव एवं जिला प्रेसवार्ता प्रभारी श्रीमती हेमा देशमुख ने कहीं। स्थानीय कांग्रेस भवन कवर्धा में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेश की भाजपा सरकार को युक्तियुक्तकरण के मामले में चौतरफा घेरते हुए श्रीमती देश मुख ने कहा कि भाजपा की रमन सरकार के कार्यकाल के दौरान भी प्रदेश में 3300 से अधिक स्कूलों को बंद किया गया था, 12000 शिक्षकों के पद को खत्म किया गया था। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में प्राइमरी स्कूलों में 21 छात्रों के बीच एक शिक्षक है, इस अनुपात को बढ़ाकर 30 छात्र प्रति शिक्षक और इसी तरह मीडिल स्कूलों में 26 छात्र प्रति शिक्षक के अनुपात को बढ़ाकर 35 छात्र प्रति शिक्षक किया जा रहा है।

जिससे शिक्षकों के एक तिहाई पद खत्म हो जायेंगे। श्रीमती देशमुख ने आरोप लगाया कि प्रदेश में नए शिक्षकों की भर्तियां न करनी पड़ी इसलिए युक्तियुक्तकरण कर रही है साय सरकार। सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने साय सरकार ने षड़यंत्र रचा है। उन्होने कहा कि भाजपा की साय सरकार के

### युक्तियुक्तकरण के खिलाफ कांग्रेस करेगी आंदोलन



भाजपा सरकार 10 हजार से अधिक स्कूलों को बंद करने जा रही तथा 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त कर रही है। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों विशेषकर बस्तर, सरगुजा, जशपुर जैसे जगहों पर स्कूलों की कमी होगी, सरकार झूठ बोल रही कि स्कूल बंद नहीं होंगे, जबकि सच्चाई यह है कि मर्ज किए गए स्कूलों का डायस कोड़ विलोपित कर दिया गया है। भाजपा ने विधानसभा चुनावों में दावा किया था राज्य में 58000 शिक्षकों के पद खाली है। विधानसभा में घोषणा की गई कि 35000 पद भरे जायेंगे, इस वर्ष बजट में भी 20000 शिक्षकों की भर्ती की बात की गई है लेकिन यह भर्तियां नहीं करनी पड़े, इसलिए 45000 पद समाप्त किए जा रहे है। जब पद ही खाली नही रहेंगे तो भर्ती कहां से करेंगे। श्रीमती हेमा देशमुख ने कहा कि कांग्रेस इसके खिलाफ जमीनी लड़ाई लड़ेगी अब सभी जिलों एवं ब्लाकों में आंदोलन चलायेंगे, शीघ्र ही आंदोलन का कार्यक्रम, तिथि और स्वरूप की घोषणा होगी।

इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचलों में पढने वाले बच्चों पर पड़ेगा। प्राथमिक शालाओं में पहली व दूसरी में तीन-तीन विषय एवं तीसरी, चौथी, पांचवी में चार-चार विषय के अनुसार कुल 18 विषय होते हैं, जिन्हें वर्तमान समय में तीन शिक्षकों को 40 मिनट का 6-6 कक्षा लेना होता है, अब युक्तियुक्तकरण के नए नियम के बाद दो ही शिक्षको के द्वारा 18 कक्षाओं को पढ़ाना कैसे संभव हो सकता है? मिडिल स्कूल में तीन क्लास और 6 विषय हैं इस हिसाब से कुल 18 क्लास और 60 बच्चों की कुल संख्या में एचएम और उसके साथ केवल एकमात्र शिक्षक कैसे 18 क्लास ले पाएंगे?

इसके अतिरिक्त मध्यान भोजन की व्यवस्था, डाक का जवाब और अन्य गैर शिक्षकीय कार्यों की जिम्मेदारी भी इन्हीं पर रहेगी। श्रीमती देशमुख ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार का यह कृत्य न सिर्फ स्कूली बच्चों के भविष्य के साथ बल्कि प्रदेश के हजारों बेरोजगारों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है।

सरकार के इस कृत्य से सिर्फ निजी शिक्षा के व्यवसाय को लाभ मिलने की पूरी संभावना है जो हमेशा से निजीकरण की पक्षधर रही भाजपा सरकार की युक्तियुक्तकरण के बीचे की असली सोच है। प्रेसवार्ता में उपस्थित अन्य नेताओं ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति से शिक्षा व्यवस्था चरमरा जाएगी और गरीब व छात्रों को शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरकर सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाएगी। इस अवसर पर होरीराम साहू, सीमा अनंत, ममता चंद्राकर पूर्व विधायक , अशोक ठाकुर, ईश्वर शरण वैष्णव, अगमदास आनंद, गोपाल चंद्रवंशी, माणिकांत त्रिपाठी, आनंद सिंह ठाकुर,मेहुल सत्यवंशी, श्रीमती प्रतिमा बंजारे, संतोष यादव, रूपेंद्र वर्मा, रामायण सिन्हा, तुकेश्वर साहू, शरद बंगाली, राजेंद्र मारकंडे, कृष्ण कुमार साहू, नाराद चंद्रवंशी,अमन वर्मा, चंद्रहास बंजारे, जयंत जायसवाल, डोगेंद्र सेन, कैलाश चंदेल, परमा वर्मा, विकाश चंद्रवंशी और सुरेश वर्मा सहित कई अन्य नेता उपस्थित थे।

**समस्याः** आने वाले वर्षाकाल में कच्चे व खस्ताहाल मार्गों से कैसे होगा सुलभ आवागमन?

# पंडरिया क्षेत्र के कई गांव आज भी पक्की सड़क की जोह रहे हैं बाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की जर्जर व खस्ताहाल सड़कों के साथ ही पक्की सड़क विहीन ग्रामों के प्रति शासन-प्रशासन तथा संबंधित विभाग के साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की घोर उदासीनता को देख आने वाले वर्षाकाल के मद्देनजर क्षेत्र के ग्रामीणों का टेंशन बढ़ते जा रहा है। ग्रामीणों की समझ में नहीं आ रहा है कि जिन जर्जर, खस्ताहाल व कच्चे मार्गो से वे रोजी रोजगार तथा दूसरे आवश्यक कामकाज निपटाने सूखे के दिनो में बमुस्किल आना जाना कर पा रहे हैं उन सड़कों पर भला वे बारिश के दिनो में कैसे आना जाना कर पाएंगे। गौरतलब है कि वैसे तो जिले का चाहे विकासखण्ड कवर्धा हो बोड़ला हो स. लोहारा हो या फिर पंडरिया प्रायः हर विकासखण्ड के ग्रामीण व वनांचल अंचलों की कई सड़के आज भी जर्जर व खस्ताहाल हैं। इनमें से कुछ सडकें तो ऐसी भी हैं जिनका क्षेत्र के कई गांवों के हजारों बासिंदे हर रोज उपयोग करते हैं लेकिन शासन-प्रशासन ने इन सड़कों की आज तलक सुध नहीं ली है। नतीजतन आज भी इन सड़कों ने डामर का स्वाद नहीं चखा है। ऐसी ही सड़कों में जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम मजगांव से गभोड़ा तक करीब 7.00 किलो मीटर, ग्राम बिरहुलडीह से नवाटोला तक करीब 8.00 किलो मीटर, पीपरटोला से लीलाटोला तक करीब 6.00 किलो मीटर तथा टेढ़ापानी से डेंगुरजाम तक करीब 7 किलो मीटर की सड़क शामिल है। क्षेत्रवासियों की माने तो इन मार्गो में पक्की सड़क बनाने की मांग वर्षो से की जा रही है लेकिन आज पर्यंत किसी भी पार्टी की सरकार और उनकें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। वर्तमान में प्रदेश की सत्ता पर काबिज भाजपा की सरकार और उसके नुमाईदें क्षेत्र के समुचित विकास और बड़ी संख्या में विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति की बात कर रहे है लेकिन जिन सड़कों को विकास की रीढ़ कहा जाता है उनके प्रति कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### जब चलने के लिए पक्की सड़कें ही नहीं तो कैसा विकास?



वर्षो से कच्ची सड़कों की समस्या से जूझते आ रहे, अपने क्षेत्र में पक्की सड़कों की मांग करने वाले क्षेत्र के ग्रामीणों ने मौजूदा सरकार के साथ पूर्व की कांग्रेस सरकार के विकास के दावों पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि जब विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों के ग्रामीणों के पास चलने के लिए पक्की सड़कें ही नहीं है तो, कैसा विकास? उन्होने कहा कि सड़के किसी भी गांव, शहर अथवा क्षेत्र के विकास की रीढ़ होती है। सुलभ आवागमन पर ही क्षेत्र के ग्रामीणों से लेकर किसानो, विद्यार्थियों का भविष्य टिका होता है। मरीज, गर्भवति महिलाएं सुगमता से स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच सकती है। लेकिन हैरानी की बात है कि प्रदेश की सत्ता संभालने बैठे पढ़े-लिखे औहदेदारों को यह बात समझ में नहीं आ रही है।

क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि पक्की सड़कों के आभाव में हर साल की तरह इस साल भी वर्षाकाल के दौरान क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों के हजारों ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसी तरह पंडरिया क्षेत्र के मैदानी ईलाकों की बात की जाए तो ग्राम कोलेगांव से हंथमुड़ी तक करीब 8 किलो मीटर, रूसे से कोलेगांव, दामापुर तक करीब 7-8 किलो मीटर, ग्राम भटरूसे से पथर्री तक करीब 2 किलो मीटर, कुण्डा से महका, कुण्डा से दामापुर तथा कुण्डा से महली तक की सड़क का भी हाल बेहाल है। इस क्षेत्र के ग्रामीणों की माने तो इनमें से कई सड़कों की तो स्वीकृति भी महिनो पूर्व मिल चुकी है लेकिन सड़कों का निर्माण कार्य आज पर्यंत शुरू नहीं किया गया है। अब ऐसा क्यों किया जा रहा है यह समझ से परे है और न ही इस संबंध में कभी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा संबंधित विभाग तथा सरकार से पूछा जाता है। ग्रामीणों ने तो इस बात की भी आशंका जताई है कि कहीं संबंधित कार्य ऐजेंसियों ने कागजों में सड़क निर्माण बताकर स्वीकृत राशि डकार न ली हो। बहरहाल मसला जो भी हो लेकिन इतना तय है कि हर साल की तरह इस साल भी शासन, प्रशासन, संबंधित विभाग और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी तथा निष्क्रियता के चलते वर्षाकाल में क्षेत्र के ग्रामीणों के विकास की राह में समस्याओं को रोढ़ा लगने वाला है।

# शिक्षकों को स्थानांतरण नीति से अलग रखना अनुचितःएसोसिएशन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रदेशभर के शिक्षकों को स्थानांतरण नीति से अलग किए जाने को अनुचित करार दिया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पांच जून 2025 को जारी स्थानांतरण नीति के अनुसार प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जाना है, लेकिन यह स्थानांतरण नीति स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षकीय कार्य में पदस्थ शिक्षकगणों पर लागू नहीं होगा अर्थात प्रदेश के शिक्षकों का इस नीति के तहत जिला व राज्य स्तर पर स्थानांतरण नहीं हो पायेगा। इससे लंबे समय से स्थानांतरण का बाट जोह रहे शिक्षकों को शासन ने एक बार फिर से निराश किया है। उन्होंने आगे कहा कि जिले सहित प्रदेश में ऐसे कई शिक्षक हैं, जिनमें पति व पत्नी दोनों ही शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं और अलग-अलग जिला या ब्लॉक में कार्यरत होने के कारण पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन में कठिनाईयां जा रहा है। ऐसे शिक्षक पति-पत्नी एक स्थान पर पदांकन के लिए स्थानांतरण की राह देख रहे थे लेकिन उन्हें निराश होना पड़ा है। इसके साथ ही कुछ शिक्षक स्वयं या अपने माता-पिता या पुत्र-पुत्री के गंभीर बीमारी से पीड़ित होने के कारण इलाज के लिए सुविधा वाले स्थान पर जाना चाह रहे थे। कई शिक्षक समान पद व विषय के आधार पर आपसी सहमति से सुविधादायक स्थान पर स्थानांतरण कराना चाह रहे थे, लेकिन इन सभी शिक्षकों को इसका लाभ नहीं मिल पायेगा। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, बलदाऊ चन्द्राकर आदि ने वर्तमान स्थानांतरण नीति में शिक्षकों को भी शामिल करने की मांग किया है।

### जन जागरूकता से ही संभव है नशामुक्तिः डॉ.सियाराम



**कवर्धा ।** जिला महिला साहू संघ कबीरधाम के द्वारा सशक्त समाज के परिकल्पनाओं को साकार करने जिले के विभिन्न ग्रामों में सद्भावना संपर्क अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रहे है। गत दिवस यह अभियान कवर्धा से अचानकपुर, बीरेन्द्रनगर, मजगांव, रणवीरपुर, विचारपुर होते हुए छोटूपारा स.लोहारा में विराम हुआ। जिलाध्यक्ष राजकुमारी खेमराज साहू ने बताया कि सदभावना रैली का मुख्य उदेश्य नशामुक्त समाज और महिला सशक्तीकरण तथा बेटी पढ़ाओं बेटी बचाओं है। नशा मुक्त अभियान का उद्देश्य न केवल जन साधारण को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागृत करना है बल्कि नशे के खिलाफ जन आंदोलन का रुप देना है। ताकि नशे के खिलाफ हर आदमी जुड़ कर अपना योगदान दे सकें। सदभावना रैली का रूपरेखा और संचालन पद्मिनी सुनील साहू महामंत्री, मनीषा अनिल साहू तहसील अध्यक्ष, सीमा बाला साहू संयुक्त सचिव और कौशिल्या साहू तहसील अध्यक्ष लोहारा ने किया।

**पेज 11 का शेष**

### चोरी, आरोपी...

वैशाली बिहार हाल बारामती पुणे महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश ज्युडिशियल रिमांड में लिया गया। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, सहायक उपनिरीक्षक आर. राजू, प्रधान आरक्षक डुलेश्वर साहू, आरक्षक तुषार मरकाम का सराहनीय योगदान रहा।

### फरार वारंटियों को...

जो लंबे समय से कोर्ट के समक्ष पेश नहीं हो रहे थे। जिनके विरूद्ध माननीय न्यायालय से गिरफ्तारी हेतु वारंट प्राप्त हुआ था। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने फरार गिरफ्तारी वारंटी कुलदीप बोरकर 40 साल शिवनगर, शंकर रजक उर्फ बंठा 21 साल बांसपाईपारा, मनोहर सोनकर 28 साल इंदिरानगर, रत्नेश सिंह ठाकुर 22 साल ब्राम्हणपारा, समंथ गोड पडौती उर्फ दद्दू 28 साल खाल्हेपारा के खिलाफ कार्रवाई की गई, जिन्हें गठित टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। सभी को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश गया।

**25 पौवा देशी शराब बरामद-** पुलिस के अनुसार मुखबीर से सूचना पर आरोपी अभिषेक मेश्राम कोढीखाना बस्ती अंदर अवैध रूप से धन अर्जित करने अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने से आरोपी के कब्जे से 25 पौवा देशी मदिरा शराब एवं बिक्री रकम 200 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### युक्तियुक्तकरण से नौकरी...

उन्होंने बताया कि शिक्षा संचालक द्वारा मौखिक रूप से स्कूल बंद होने पर सफाई कर्मचारियों के लिए व्यवस्था बनाने की बात कही है। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव जिले में कितने स्कूल बंद होंगे, इसकी जानकारी भी नहीं दी जा रही है।

### पूर्व पीएम की प्रतिमा...

**पुलिस अधिकारी पहुंचे मौके पर, जांच शुरू-** ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की जानकारी होते ही केसीजी पुलिस कप्तान लक्ष्य शर्मा, टीआई अनिल शर्मा, श्री चन्द्राकर मौके पर पहुंचकर उक्त कृत्य की तहकीकात कर रहे हैं। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से जूते की माला हटवाया। इसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला में लगाए गए एक पेड़ मां के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रेमकांत मिश्रा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लवकुमार निर्मलकर, शिवम केशरवानी, गौतम गुप्ता, राजकुमार वर्मा, शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में एक पेड़ मां के नाम 2.0 के तहत वृक्षारोपण किया गया। शाला विकास समिति अध्यक्ष डॉ. प्रेमकांत मिश्रा ने कहा कि वृक्षारोपण करना आज के समय में आवश्यक हो गया है। शुद्ध वातावरण और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए वृक्षारोपण किया जाना चाहिए। वृक्षों के माध्यम से आम लोगों को शुद्ध ऑक्सीजन मिलता है। वृक्षारोपण से न केवल शुद्ध ऑक्सीजन मिलता है बल्कि जल के कटाव को रोका जा सकता है, जिससे जल की कमी समस्या का निवारण निकलता है। इसी अधिक मात्रा में वृक्षारोपण करना और वृक्षों को काटने से बचाया जाना चाहिए। इस दौरान प्रिंसिपल अश्वनी कुमार सोनी, रवि वर्मा, आशा सोनी, जगतारण झारिया, विनोद कुमार साहू, प्रदीप सिंह ठाकुर, रुचिता राय, लीला धुर्वे, दीपक दास मानिकपुरी, धर्मेन्द्र कश्यप छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# प्रदेश सरकार की महतारी वंदन योजना से लाखों महिलाएं वंचितः सीमा अनंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



सरकार की महत्वकांक्षी योजना में भाजपा सरकार की काटामारी पर कटाक्ष करते हुए जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सीमा अनंत ने आरोप लगाते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना से वंचित पात्र महिला हितग्राही आज भी विष्णुदेव सरकार द्वारा पोर्टल खोले जाने की बाट जोह रही है ताकि उनका भी पंजीयन हो सके और उन्हें भी योजना का लाभ मिल सके। पर हैरानी की बात है कि योजना के प्रारंभ होने के करीब डेढ़ साल बाद भी सरकार चुप्पी साधी हुई है न तो पोर्टल खोला जा रहा है और न ही उसमें नए हितग्राहियों को शामिल किया जा रहा है। जिससे प्रदेश की लाखों पात्र महतारी योजना से वंचित है। श्रीमती अनंत ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने महतारी वंदन योजना को लेकर मोदी की गारंटी दी थी और प्रदेश की सभी महतारियों को योजना का लाभ दिलाने का भरोसा दिलाया था लेकिन आज भी लाखों महिलाएं उक्त योजना से वंचित हैं जो पात्र महिलाओं के साथ धोखा है। श्रीमती अनंत ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर प्रधान मंत्री मोदी की गारंटी कब पूरी होगी और कब तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार महिलाओं के साथ छल करती रहेगी। महिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्रीमती अनंत ने बताया की जिन महिलाओं के दम पर भाजपा सरकार में काबिज हुई है आज उन्ही महिलाओं के साथ धोखा किया जा रहा है। उन्होने कहा कि इस योजना में पेंशन धारी महिलाओं के साथ भी धोखा किया जा रहा है। पेंशनधारी महिलाओं को पेंशन के तहत मिलने वाली राशि को महतारी वंदन का लाभ बताकर पांच सौ रुपए की कटौती कर उनके हक को मारा जा रहा है। एक ओर भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण की बात करती तो वहीं दूसरी ओर उन्ही महिलाओं को जो लाभ सरकार की ओर से मिलना चाहिए उससे उन्हें वंचित किया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि सरकार की कथनी और करनी में अंतर है।

**स्वामी करपात्री मैदान में महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए प्रतियोगिता आयोजित**

# नशा मुक्ति अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 1 जून से 26 जून 2025 तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अंतर्गत, जिला प्रशासन कबीरधाम एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा आज स्वामी करपात्री मैदान (आउटडोर स्टेडियम) में महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए पृथक-पृथक मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के पश्चात विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके साथ ही, उपस्थित सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। यह आयोजन समाज में नशा के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### खण्डसरा एवं कामाडबरी पहुंचा कृषि रथ



**बोड़ला** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि रथ विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम खण्डसरा एवं कामाडबरी पहुचा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशीराम धुर्वे के मुख्य आतिथ्य एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। श्री धुर्वे ने कृषकों को खरीफ 2025 की तैयारी हेतु मार्गदर्शन देते हुए बीजोपचार, जैविक खेती, श्रीअन्न, मोटे अनाज एवं गौ-पालन को अपनाने की अपील की। उन्होंने वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों से समय-समय पर सलाह लेने का आग्रह किया। इस दौरान 17 प्रतिशत नमक घोल के माध्यम से बीजों की गुणवत्ता जांच एवं बीजोपचार का जीवंत प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि अमित कुमार मोहंती ने वर्तमान में डीएपी खाद की कमी को देखते हुए वैकल्पिक उर्वरकों जैसे एवं एसएसपी के उपयोग की सलाह दी। उन्होंने बीज प्रक्रिया केंद्र, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड, कवर्धा से बीज खरीदते समय क्यूआर कोड आधारित टेग की महत्ता को भी बताया।

## खबर संक्षेप



### सीसी रोड निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

**हरिभूमि बरबसपुर।** कवर्धा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर के आश्रित ग्राम बीजाझोरी को सीसी रोड नव-निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। ग्राम बीजाझोरी में सीसी रोड निर्माण के लिए डिप्टी सीएम विजय शर्मा के अनुशंसा पर राशि स्वीकृत होते ही जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं द्वारा विधि विधान से सीसी रोड निर्माण की नीव व भूमिपूजन किया। जिस पर श्रीमती सुषमा बघेल ने बताया कि सीसी रोड नव-निर्माण होने के बाद ग्रामवासियों को बरसात के दिनों में कीचड़ से राहत तथा आने जाने में सुविधा तथा बुनियादी समस्या का लाभ मिलेगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल, पंचराम कोशले, वीर सिंह पटेल, धनीराम चंद्रवंशी, आत्मादास मानिकपुरी, जगेशर पटेल एवं प्रकाश यादव तथा समस्त ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### चिमरा स्कूल में पौधारोपण के साथ संरक्षण का लिया संकल्प



**हरिभूमि कवर्धा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा में सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक दिलीप सिंह ठाकुर, पर्यावरण मित्र पुरस्कार से सम्मानित को अतिथि के रूप में आमंत्रित कर यूथ एवं इको क्लब के सदस्यों द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में 50 पौधों का रोपण किया गया, वहीं बच्चों ने काली मिट्टी, खाद एवं उचित मात्रा में पानी उपलब्ध कर विश्व पर्यावरण दिवस पर स्कूल परिसर में शिक्षक विष्णु दत्त कौशिक, प्रभारी प्रधान अध्यापक दिलीप कुमार नागवंशी, शक्तिवनदास राय, श्रीमती मालती चंद्रवशी और श्रीमती नीलिमा तिवारी के मार्गदर्शन में पौधरोपण के साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को सिंगल उसे प्लास्टिक का उपयोग न करने जन जागरूकता के लिए उन्हें कपड़े की थैली का वितरण किया गया, समस्त छात्रों को टोपिया और पर्यावरण संरक्षण के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल में हरियाली एवं एक पेड़ अपने नाम एक पेड़ मां के नाम का पौधरोपण किया गया। वहीं आगामी सत्र में किचन गार्डन का निर्माण जल संरक्षण हेतु पानी की सदुपयोग के लिए नदियों का निर्माण कचरो का उचित निपटारा व्यक्तिगत स्वच्छता एवं स्कूल परिषर में हरियाली विकसित करने कार्य योजना भी तैयार कर मूर्त रूप देने शिक्षक भी संकल्पित हुए।

# विधायक ने लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग में छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर प्रोत्साहित किया

- कड़ी मेहनत, एकाग्र मन और बेहतर शिक्षा व्यक्ति को जीवन में हमेशा सफल बनाते हैं: भावना बोहरा।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए संचालित लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग में आज उन्होंने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस दौरान भावना बोहरा ने बच्चों के साथ अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा कर उनका मार्गदर्शन किया साथ ही कोचिंग में पढ़ाई व सुविधाओं के संबंध में भी चर्चा कर मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। विदित हो की पंडरिया विधायक द्वारा विधानसभा क्षेत्र के ऐसे युवा जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, परन्तु संसाधनों की कमी व परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने की वजह से वह पीछे रह जाते हैं। उनके लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है। उनके द्वारा पंडरिया में संचालित लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग सेंटर में आईआईटी-जी, नीट और सीजीपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले 220 से अधिक छात्र-छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग की सुविधा मिल रही है। इस अवसर पर श्रीमती भावना बोहरा ने सभी बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग सेंटर की स्थापना का हमारा मुख्य उद्देश्य ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं तथा संसाधनों की कमी होने की वजह से वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते हैं, उन्हें प्रोत्साहित करना है और उन्हें भी बेहतर शिक्षा प्रदान करना है ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें। इन युवाओं के ऊपर ही हमारे देश व प्रदेश के उज्वल भविष्य की नींव टिकी हुई है, इसलिए उन्हें बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए हम सभी का संयुक्त प्रयास आवश्यक है।

### पंडरिया विधानसभा के कोई भी युवा शिक्षा के क्षेत्र में पीछे न रहेः बोहरा



श्रीमती बोहरा ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हमारे पंडरिया विधानसभा का कोई भी युवा शिक्षा के क्षेत्र में पीछे न रहें। उन्हें बेहतर शिक्षा और सुविधा मिल सके तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु साधन व संसाधन की कमी उन्हें अपने सपनों को पूरा करने में कोई अवरोध न बन सके इसके लिए हम कृतसंकल्पित हैं। हमारे युवाओं को बेहतर शिक्षा, मार्गदर्शन और एक मंच देना चाहते हैं जिसके माध्यम से वे सही राह पर चल सकें, विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां अर्जित कर अपने समाज, माता-पिता, क्षेत्र और हम सभी का नाम रौशन कर सके। अपने लिए एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित कर सके एवं आर्थिक व संसाधनों के अभाव में पीछे न रह सकें।

### संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक

# क्षेत्रीय समस्याओं से रूबरू होकर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करेंः सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सांसद संतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों की उपस्थिति में केंद्र सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों की विभागवार समीक्षा की गई।

सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि जिले के समग्र विकास की दिशा में दिशा समिति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। समिति की बैठक में केंद्र सरकार की योजनाओं की विस्तृत चर्चा कर कार्यो की प्रगति की जानकारी ली जाती है, जिससे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि यह मंच जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। दोनों पक्ष एक-दूसरे से चर्चा कर समस्याओं को समझते हैं और उनके समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाते हैं। श्री पाण्डेय ने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और लाभार्थियों तक उनका सीधा लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

### केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, सेवाओं की समीक्षा की गई




सांसद ने कहा कि जिले के सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी को पूरी सिद्दत और समर्पण के साथ कार्य करना होगा। शासन की योजनाएं और कार्यक्रम धरातल पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित हो। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की इस बैठक में विस्तार से समीक्षा की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समिति की सार्थकता तभी है जब अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत फीडबैक का समुचित निगरानी एवं समन्वय के साथ परीक्षण हो। श्री पाण्डेय ने कहा कि बैठक में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन होनी चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा के मनोनित सदस्यों और जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र के समस्याओं के निदान के लिए अवगत कराया गया है। उन सभी समस्याओं के निराकरण के लिए समय सीमा तय करते हुए निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ निराकरण किया जाए। जहां शिकायत मिली है वहां प्राथमिकता से ध्यान देते हुए निराकरण करना सुनिश्चित करे।

#### सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करने कहाः कलेक्टर

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि जिले के सभी अधिकारी जिले को विकसित जिला बनाने के क्षेत्र में शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर मिले लक्ष्य को धरातल पर स्थापित करने की दिशा में कार्य करते रहेंगे। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि जो भी कमियां होगी उसे दूर करते हुए कार्य करेंगे। बैठक में विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा जिले में चल रहे विकास कार्यों की रूपरेखा के संबंध में चिंता करने के साथ ही जरूरी सुझाव दिए। कुछ योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति में कमी पर इन सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करने कहा गया। अधिकारियों के द्वारा इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत किया गया।

# समाधान शिविर में शिकवा शिकायत के बाद भी ग्रामीण बिजली कटौती से परेशान




हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित दामापुर क्षेत्र में बिजली कटौती से आम नागरिक को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि कोलेगांव कैंप समाधान शिविर में ग्रामीण किसान द्वारा शिकवा शिकायत क्षेत्र के उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा को समाधान शिविर में अवगत कराया गया। जिस पर बिजली विभागीय को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। लेकिन वर्तमान में बिजली कटौती की समस्या से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली कटौती से भीषण गर्मी में आम नागरिकों का हाल-बेहाल है वहीं दूसरी ओर घंटो बिजली कटौती से कामकाज प्रभावित हो रही है।

#### खेती-किसानी कार्य में अड़चन

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया बिजली कटौती से खेती किसानी कार्य में अड़चन उत्पन्न हो रही है। क्षेत्र में घंटों बिजली गुल होने से गन्ना की फसल में सिंचाई नही होने से फसल सुखने व अन्य समस्याएं आ रही है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व क्षेत्र के जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने की मांग की गई ताकि रहवासियो को बिजली कटौती से राहत मिल सके।

### राष्ट्रीय गौरव अवार्ड से सम्मानित डॉ भगवती साहू



**हरिभूमि पंडरिया।** नई उम्मीद उज्जवल भविष्य शिक्षा संघ के डायरेक्टर डॉ भगवती साहू को राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार छत्तीसगढ़ के रायपुर में सम्मानित किया गया। शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार 2019 से बेहतर कार्य कर रहे मुंगेली जिला के डॉ भगवती साहू को स्वास्थ्य रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, श्रद्धेय बालकदास महाराज पाटेश्वर धाम बालोद, राजेश अग्रवाल व्यवसायी एवं समाज सेवी तथा अन्य अतिथि उपस्थित थें। बालकदास महाराज ने कहा की नई उम्मीद उज्जवल भविष्य शिक्षा संघ ने युवा के लिए लाइफ मे कुछ कर जाने वाले युवाओं के लिए जो मौका लाया है वह काबिले तारीफ है, इस संघ के माध्यम से युवाओं को अपने कैरियर बनाने सपने पुरे करने का मौका मिला है, जिससे समाज सेवा के साथ-साथ आय की भी प्राप्ति होंगी। डॉ भगवती साहू ने कहा की मुझे राष्ट्रीय गौरव अवार्ड से सम्मनित किया जाने के लिए सभी का दिल से आभार। हमारा उदेश्य सिर्फ पैसा कमाना नहीं है, बल्कि हमारा उदेश्य हमारे आने वाले पीढ़ी एवं युवाओं को ऐसे कामयाब करना जिससे अपने भविष्य को सुरक्षित एवं अपने परिवार और देश का नाम रौशन कर सके।

# बालमुकुंद चंद्रवंशी के उपस्थिति में मनाया चावल उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

शासकीय उचित मूल्य की दुकान कोदवा आईडी 572004025 में सोसायटी अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, सरपंच श्रीमती रासमणि पंचराम भास्कर, उपसरपंच श्रीमती गायत्री चंद्रवंशी एवं समस्त पंचगण व हितग्राहियों के साथ चावल उत्सव मनाया गया। राज्य खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 1 से 7 जून तक चावल उत्सव के दौरान सभी उचित मूल्य की दुकानों में चावल वितरण किया जा रहा है , चावल उत्सव के महापर्व पर शुक्रवार को शासकीय उचित मूल्य की दुकान हथमुंडी में सोसायटी अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, सरपंच राजमणि भास्कर, उपसरपंच गायत्री चंद्रवंशी एवं समस्त पंचगणों के उपस्थिति में पात्र राशनकार्डधारी हितग्राहियों को 3 माह का निःशुल्क एकमुश्त राशन वितरण कर चावल उत्सव मनाया गया।

#### राज्य सरकार का संकल्प, कोई नागरिक भूखा न सोंये

सेवा सहकारी समिति पेंड्रीकला अध्यक्ष एवं भाजपा मण्डल कुण्डा अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी ने चावल उत्सव का शुभारंभ करते हुए हितग्राहियों को संबोधित किया कि छत्तीसगढ़ सरकार का संकल्प है कि कोई नागरिक भूखा न सोंये चावल वितरण का यह कार्यक्रम इस संकल्प की ओर सशक्त कदम है। श्री चंद्रवंशी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जून, जुलाई व अगस्त माह का चावल एक साथ आबंटित किया जा रहा है, ग्रामीण अपने सुविधा के अनुसार एक माह या तीन माह का चावल एक साथ ले सकते है तीन माह का चावल उठाने का बाध्यता नहीं है अन्य राशन सामग्री शक्कर नामक इत्यादि का वितरण नागरिक आपूर्ति निगम के उल्बध स्टॉक के आधार पर प्रत्येक माह पृथक पृथक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चावल उत्सव के दिन ही तीन माह के चावल का वितरण राज्य सरकार द्वारा सुनिश्चित किया गया है।

### शांति से सब काम होता है, क्रोध करने से कुछ नहीं मिलताः कथा व्यास

# समुद्र मंथन की तरह आत्म मंथन से निकलता है अमृत



हरिभूमि न्यूज ⏭स/लोहारा

सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के ग्राम टाटीकसा में सेवानिवृत्त शिक्षक अर्जुन प्रसाद तिवारी के निवास में रुसे पंडरिया के भागवताचार्य पं पुरुषोत्तम प्रसाद शास्त्री भागवत मानस व्यास द्वारा श्रीमद्भागवत की कथा सुनाई जा रही है। वहीं परायणकर्ता पं गोवर्धन प्रसाद त्रिपाठी विराजमान है। श्रीमद्भागवत की कथा सुनने स्थानीय ग्रामीणों के अलावा दूर-दराज से भक्तजनो की भारी भीड़ उमड़ रही है व कथा रसपान का लाभ ले रहे हैं। संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में समुद्र मंथन की कथा के विषय में भागवत के मर्मज्ञ भागवताचार्य पुरुषोत्तम प्रसाद शास्त्री ने बताया कि भगवान विष्णु ने देवताओं से आगे कहा कि तुम लोग बिना विलंब किए अमृत निकालने का प्रयत्न करो। उसे पी लेने पर मरने वाला प्राणी भी अमर हो जाता है। पहले क्षीरसागर में सब प्रकार के घास, तिनके, लताएं और औषधियां डाल दो। फिर तुमलोग मंदराचल की मथानी और वासुकि नाग की नेती (रस्सी) बनाकर मेरी सहायता से समुद्र का मंथन करो। उन्होंने देवताओं को विश्वास दिलाते हुए कहा दैत्यों को केवल श्रम और क्लेश मिलेगा जबकि तुम लोगों को अमृत फल की प्राप्ति होगी। असुर लोग जो भी चाहे वह सब स्वीकार कर लो, शांति से सब काम होता है क्रोध करने से कुछ नहीं मिलता।

भगवान विष्णु ने देवताओं को समझाते हुए कहा, पहले समुद्र से कालकूट विष निकलेगा उससे डरना नहीं, किसी भी वस्तु के लिए कभी भी लोभ ना करना। पहले तो किसी वस्तु की कामना ही नहीं करनी चाहिए परंतु यदि कामना हो और वह पूरी ना हो तो क्रोध तो करना ही नहीं चाहिए। भगवान विष्णु के आदेशानुसार इंद्र आदि देवता दैत्यों के राजा बलि के पास पाताल लोक गए, राजा बलि ने तीनों लोकों को जीत लिया था। इंद्र ने राजा बलि को समुद्र मंथन और उससे प्राप्त होने वाले अमृत की कथा बतायी। अमृत प्राप्ति के लोभ में असुरों ने देवताओं से संधि कर ली। वहीं समुद्र मंथन में जब भगवान शिव ने विषपान कर लिया तब पुनः देवताओं और असुरों द्वारा समुद्र मंथन प्रारंभ किया गया। इस बार समुद्र मंथन से देवकार्य की सिद्धि के लिए अमृतमयी कलाओं से परिपूर्ण चंद्रदेव प्रकट हुए। समुद्र मंथन के क्रम में कामधेनु गाय प्रकट हुई। वह अग्निहोत्र की सामग्री उत्पन्न करने वाली थी इसलिए ब्रह्मलोक तक पहुंचाने वाले यज्ञ के लिए उपयोगी पवित्र घी, दूध आदि प्राप्त करने के लिए ब्रह्मवादी ऋषियों ने उसे ग्रहण कर लिया। इसके पश्चात समुद्र मंथन से स्वर्ग लोक की शोभा बढ़ाने वाले कल्पवृक्ष, पारिजात, च्यूत और संतान नामक चार दिव्य वृक्ष प्रकट हुए जिसे देवताओं ने अपने पास रख लिया। कल्पवृक्ष याचकों की इच्छाएं उनकी इच्छित वस्तु देकर पूर्ण करता रहता है। इसके बाद उच्चैःश्रवा नामक घोड़ा निकला। वह चंद्रमा के समान श्वेत वर्ण का था। राजा बलि ने उसे लेने की इच्छा प्रकट की। इसके पश्चात ऐरावत नामक श्रेष्ठ हाथी निकला। उसके बड़े-बड़े चार दांत जो उज्जवल वर्ण के थे, कैलाश की शोभा को भी मात करते थे। ऐरावत के साथ श्वेत वर्ण के चौसठ हाथी और थे। तत्पश्चात कौस्तुभ नामक पद्मराग मणि निकली जिसे अजित भगवान ने अपने हृदय पर धारण कर लिया। इसके पश्चात समुद्र से भांग, काकड़ासिंगी, लहसुन, गाज, अत्यधिक उन्मादकारक धतूर तथा पुष्कर आदि बहुत सी वस्तुएं प्रकट हुई। इसके पश्चात सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित एवं गले में स्वर्ण हार पहने रम्भा सहित कई अप्सराएं प्रकट हुई। इसके बाद शोभा की मूर्ति स्वयं भगवती लक्ष्मी प्रकट हुईं जिन्हें ब्रह्मवेत्ता पुरुष आन्वीक्षिका (वेदांत विद्या) कहते हैं।

कुछ इन्हें वैष्णवी भी कहते हैं। वे भगवान की नित्यशक्ति हैं। इसके बाद समुद्र मंथन करने पर कमलनयनी कन्या के रूप में वारुणी देवी (मदिरा) प्रकट हुई। भगवान की अनुमति से दैत्यों ने उसे ले लिया। इसके पश्चात अमृत प्राप्ति की इच्छा से जब और समुद्र मंथन किया गया तब उसमें से एक अत्यंत अलौकिक पुरुष प्रकट हुए। वे साक्षात भगवान विष्णु के अंशांश अवतार थे। वे ही आयुर्वेद के प्रवर्तक और यज्ञभोक्ता धनवंतरी के नाम से प्रसिद्ध हुए। जब दैत्यों की दृष्टि उनके हाथ में रखे अमृत कलश पर पड़ी तब उन्होंने शीघ्रता से उस अमृत कलश को छीन लिया और भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण कर लिया जो बहुत ही अलौकिक स्वरूप थे जिसे देखकर दैत्य क्या देवता भी मोहित हुए बगैर नहीं रहे, यह श्री हरि विष्णु की लीला ही थी। वहीं क्षेत्र में श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।